दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। गुरुवार 05 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 342 पेज-09 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# यूपी गेट से राहुल गांधी और प्रियंका को नहीं मिली संभल के लिए एंट्री



■ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे यूपी बॉर्डर पर और राहुल के समर्थन में लगे नारे

■ दो घंटे जाम रहा यूपी गेट, पुलिस ने संभाले रखी कमान

## खोड़ा से यू- टर्न लेकर वापिस जाना पड़ा दिल्ली

### राहुल गांधी ने कहा फिर आऊंगा, जरूर जाऊंगा संभल



**करंट क्राइम** । गाजीपुर-दिल्ली बॉर्डर पर सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। राहुल गांधी और उनकी सांसद बहन प्रियंका गांधी के साथ आने का इनपुट पुलिस के अधिकारियों को पूर्व में ही मिल गया था। साथ ही कई अन्य सांसद भी राहुल गांधी के साथ रहेंगे, इसकी जानकारी थी। सुबह करीब आठ बजे से पहले ही डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष द शरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह और एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय , कौशांबी, इंदिरापुरम, खोड़ा, लिंक रोड थाने के पुलिस बल के साथ यहां मौजूद थे। साथ ही पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। तो वाहनों की तलाशी ली जा रही थी और ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखी जा रही थी। राहुल गांधी को जब दिल्ली से संभल यूपी की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया गया, तो उन्होंने अपनी गाड़ी पर बैठकर कहा कि वह संभल जरूर जाएंगे, आज नहीं जा पा रहे हैं, तो कोई बात नहीं, वह फिर प्रयास करेंगे। बता दें फिलहाल 10 दिसंबर तक जिलाधिकारी संभल ने किसी भी राजनीतिक दल के प्रमुख नेताओं के संभल में प्रवेश पर रोक लगा रखी है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को अपनी बहन सांसद प्रियंका गांधी और कई सांसदों के साथ संभल के लिए निकले थे। वह दिल्ली से जैसे ही उत्तर प्रदेश दिल्ली की सीमा यूपी बॉर्डर- गाजीपुर पर पहुंचे, तो यहां पहले से पुलिसकर्मियों ने राहुल गांधी के काफिले को रोक लिया और उनके वाहनों को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। यूपी बॉर्डर पर सुबह से ही पुलिस बल भारी संख्या में तैनात था और यहां पुलिस बल के साथ ही आरआरएफ, पीएसी के साथ ही कई थानों की फोर्स मौजूद थी। मुख्य मार्ग पर बैरिकेटिंग किए गए थे ताकि कोई भी इस रास्ते से आ जा ना सके। दिल्ली से आने वाले प्रत्येक वाहन की सघन जांच हो रही थी। तो नेताओं को चिन्हित करने का भी काम किया जा रहा था। सुबह करीब 10:40 पर दिल्ली से राहुल गांधी अपनी बहन सांसद प्रियंका गांधी के साथ यूपी गेट पहुंचे। उन्होंने यहां पुलिस के अधिकारियों से संभल जाने के लिए कहा तो डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल ने संभल के डीएम का आदेश दिखाया और राहुल गांधी के काफिले को आगे जाने की अनुमति प्रदान नहीं की। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मैं अकेला जाने को तैयार हूं, मैं पुलिस अपने साथ ले जाऊंगा लेकिन इसके लिए भी अधिकारियों ने मना कर दिया। बताया जा रहा है इसके बाद उन्होंने दिल्ली और लखनऊ के अधिकारियों से बातचीत की लेकिन पुलिस ने बात नहीं सुनी। इस दौरान राहुल गांधी ने अपनी गाड़ी से बाहर निकाल कर संविधान वाली पुस्तक दिखाई और उनके न जाने को नेता प्रतिपक्ष के मौलिक अधिकारों का हनन बताया और पुलिस की जबरदस्ती को संविधान के खिलाफ कहा है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं में नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय लल्लू, इमरान मसूद ,बिहार के नेता पप्पू यादव और कई कांग्रेस के नेता शामिल थे। तो वहीं कांग्रेस महानगर गाजियाबाद की टीम डॉली शर्मा की अगुवाई में यूपी गेट पर मौजूद रही। पुलिस से काफी देर तक राहुल गांधी संघर्ष करते रहे, तो इस दौरान यूपी गेट पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के समर्थित कार्यकर्ता और लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। करीब 12:35 पर राहुल गांधी के काफिले को यूपी पुलिस ने एस्कॉर्ट किया और खोड़ा कट से यू-टर्न लेकर उन्हें दिल्ली छोड़कर आया गया। बताया जा रहा है इसके बाद राहुल गांधी संसद भवन पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना का वहां भी जिक्र किया है।





### जाम में फंसे लोगों और कांग्रेस नेताओं के बीच हुई कहासुनी



**करंट क्राइम** । यूपी गेट पर सुबह करीब आठ बजे से ही वाहनों को रोकने और उनकी जांच का सिलसिला शुरू हो गया था। तो 10 बजेतक यूपी गेट और दिल्ली जाने वाले इस प्रमुख मार्ग पर जाम की भयंकर स्थिति हो गई थी। वाहनों की लंबी कतारे लग गई थीं और लोग जाम में परेशान होकर हंगामा कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों की कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहासुनी और नारेबाजी के रूप में भी वीडियो सामने आए हैं। हालांकि मारपीट की पुष्टि पुलिस नहीं कर रही है लेकिन कहा जा रहा है कि लोग आपस में जाम लगने से लेकर नाराज थे और कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ नारे लगा रहे थे।

### कई जनपदों के कांग्रेस नेता रहे यूपी गेट पर मौजूद

**करंट क्राइम** । सांसद राहुल गांधी- प्रियंका गांधी और कांग्रेस के नेताओं के आगमन की सूचना पर बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस के कई जिलों के नेता पहुंच गए थे। खुद यूपी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, इमरान मसूद, पप्पू यादव के साथ मौजूद थे। तो वहीं स्थानीय नेताओं में डॉली शर्मा, बिजेंद्र यादव के साथ ही कांग्रेस के कई अन्य नेता थे। तो वहीं पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी नोएडा महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव भी यहां बेरिकेटिंग पर चढ़ रहे थे और कार्यकर्ताओं को पुलिस समझने का काम कर रही थी। मौके पर खुद एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी मौके पर पहुंचे गए थे।

## जब राहुल गांधी की वजह से बदलना पड़ा यूपी के मंत्री को अपना रास्ता

### डीएनडी से होकर पहुंचे गाजियाबाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** । बुधवार को कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का गाजियाबाद यूपी गेट पर संभल आगमन कार्यक्रम था। इस वजह से सुबह से ही यूपीगेट पर भारी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। बताया जा रहा है इसी की वजह से उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री असीम अरुण को अपना दिल्ली से गाजियाबाद आने के लिए रूट बदलना पड़ा। बताया जा रहा है कि पहले वह अक्षरधाम होते हुए गाजियाबाद आने वाले थे लेकिन जब गाजियाबाद में जाम और राहुल गांधी के आगमन कार्यक्रम की वजह से जाम रूट डायर्वजन के साथ ही बैरिकेटिंग लगाए जाने की राज्य मंत्री को जानकारी मिली तो उनका काफिला डीएनडी फ्लाईओवर होते हुए गाजियाबाद पहुंचा। बता दें कि बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री असीम अरुण का गाजियाबाद में कार्यक्रम था और उनको राहुल गांधी की वजह से अपना तय रूट भी बदलना पड़ा।

### कई कार्यक्रमों में लेना था भाग इसीलिए दिमाग में थी चिंता

**करंट क्राइम** । उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण अपनी वर्किंग की छाप राजनीति में भी छोड़ रहे हैं। वह कार्यक्रमों में समय पर पहुंचते हैं और कार्यकर्ताओं से लेकर जनता से सरल स्वभाव और अंदाज में बातचीत करते हैं। बुधवार को उनको दिल्ली से गाजियाबाद आना था, दिल्ली से राहुल गांधी भी संभल जाने के लिए गाजियाबाद आए हुए थे। इसी मार्ग पर जाम और रूट डायर्वजन की स्थिति थी। इसीलिए समय पर वह गाजियाबाद पहुंच सके, उन्होंने अपना रूट बदला और फिर कई कार्यक्रमों में भाग भी लिया। उनके दिमाग में चिंता थी कि कार्यक्रमों में देरी नहीं हो और वो समय पर पहुंच सकें।

## राज्यमंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों और पदाधिकारियों संग की समन्वय बैठक

### लोनी हाईवे से लेकर दूधेश्वरनाथ कॉरिडोर और गंगाजल सप्लाई पर हुई चर्चा

### सरकारी योजनाओं के समय पर पूरा होने का दिया निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार परिवार समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश असीम अरुण की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई कार्यक्रम दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में आयोजित किया गया। जिसमें शहर के तमाम विभागों के प्रमुख अधिकारियों से लेकर पुलिस कमिश्नर और जिला अधिकारी के साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, महापौर सुनीता दयाल के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, सदर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच, भोजपुर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ,भाजपा महानगर मंत्री सुशील गौतम, नगर पालिका मोदीनगर विनोद वैशाली बैठक में मौजूद रहे। तो वहीं खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम एलए विवेक मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### राज्य मंत्री ने अपने पास कुर्सी में बैठाकर सुनी लोगों की समस्या

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार जहां जनसुनवाई को भेदभाव से हटकर करने का काम कर रही है। तो लोगों की समस्या अधिकारी सुने और तत्काल उन पर एक्शन हो ऐसी मंषा भी प्रदर्शित की जा रही है। बुधवार को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने समन्वय बैठक और समीक्षा बैठक की, तो इसमें चार लोगों को अपने पास कुर्सी लगाकर बैठाया। जिसमें अमित, मंजू कश्यप और दो अन्य लोग थे। इनकी शिकायतों को पहले मंत्री ने ध्यानपूर्वक सुना और फिर अधिकारियों को इस पर सुनवाई करने का निर्देश दिया। यूपी के सीएम की मंशा के अनुरूप बिजनेस का व्यापक प्रचार करते हुए उद्यमियों को जागरूक करने के लिए भी मंत्री असीम अरुण ने कार्यक्रमों में भाग लिया।

### दूधेश्वरनाथ मंदिर कॉरिडोर से लेकर लोनी नाले के लेवल पर हुई चर्चा



करंट क्राइम : राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण की बैठक के दौरान लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी में बने नेशनल हाईवे सड़क को नाले के लेवल से नीचे बनाने की शिकायत की। जिस पर पीडब्ल्यूडी अधिकारी से जानकारी ली गई है। तो वहीं सदर विधायक संजीव शर्मा ने जल निगम से संबंधित शिकायत करते हुए कहा है कि जल निगम द्वारा कई टंकियां बनाई गई है लेकिन अभी तक उसमें जल सप्लाई नहीं हो रही। जल्द ही इसे शुरू कराया जाना चाहिए। वहीं राज्य मंत्री द्वारा जल निगम को निर्देशित किया गया है कि जब जल सप्लाई यथाशीघ्र की जाए। उधर मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच ने सड़कों में गड्ढे और नालों को पक्का कराए जाने के लिए राज्य मंत्री से निवेदन किया है। इसके साथ ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर कॉरिडोर के निर्माण के संबंध में भी अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली गई है। इसके साथ ही नगर पालिका खोड़ा मकनपुर द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने और पेयजल के लिए मंत्री से निवेदन किया गया है। समन्वय बैठक के दौरान जल निगम की चार टंकी जर्जर हैं, उसको लेकर भी विषय सामने आया है। तो वहीं आईजीआरएस पर झूठी शिकायतों को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन किस प्रकार से काम कर रहा है, इसकी रिपोर्ट भी मंत्री ने अपने पास सुरक्षित कर ली है। इसके साथ ही मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों को बिना किसी भेदभाव और निष्पक्षता से काम करने की सलाह भी दी है।

## कौन गिरवाना चाह रहा था कांग्रेस की रेखा मकवाना का विकेट

### बुधवार को हो गया था उनके टिकट का सीन बहुत ही विकट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)**। कांग्रेस वार्ड वाले चुनाव में पूरी ललकार के साथ आई है। यहां समाजवादी की साइकिल साइड में है, लेकिन कांग्रेस मैदान में है। कांग्रेस ने यहां कि रेखा मकवाना को चुनाव मैदान में उतारा है। बताते हैं कि बुधवार को रेखा मकवाना के टिकट का सीन विकट हो गया है लेकिन फिर स्टोरी में ऐसा मोड़ आया कि ये तय हो गया कि रेखा मकवाना ही चुनाव लड़ेंगी। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के एक जनप्रतिनिधि की ओर से कांग्रेस उम्मीदवार रेखा मकवाना की शिकायत की गई थी। ये शिकायत ऐसी थी कि यहां भाजपा के लिए मैदान साफ हो जाता। भाजपा यहां कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज कराकर क्लीन स्वीप के मूड में थी।

बताया जाता है कि यहां रेखा मकवाना की ये शिकायत हुई कि वह नगर निगम में सफाई कर्मचारी की नौकरी कर रही है और उन्होंने तथ्यों को छुपाया है। इस शिकायत के बाद नगर निगम के वार्ड चुनाव की स्टोरी में नाटकीय मोड आ गया। कांग्रेस की उम्मीदवार का पर्चा निरस्त होने की नौबत आ गई और ये कहा जाने लगा कि यहां भाजपा को वॉकओवर मिलने जा रहा है, लेकिन बुधवार की देर शाम शिकायत वाले लेटर के मेटर की हकीकत सामने आ गई और ये तय हो गया कि रेखा मकवाना ही कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में वार्ड 19 से चुनाव लड़ेंगी। उनका नामांकन निरस्त नहीं हुआ। बताया गया कि रेखा मकवाना नगर निगम में किसी सरकारी नौकरी पर नहीं है और अगर संवैधानिक प्रक्रिया भी होती तो भी रेखा मकवाना का पर्चा निरस्त नहीं होता क्योंकि वो संविदा पर हैं और ठेकेदार से वेतन लेने वाले कर्मचारी को स्तीफे की कोई जरूरत नहीं है। अगर वो निगम की कर्मचारी होती तो नामांकन निरस्त होता।

### स्वास्थ्य अधिकारी ने लिखा था वो लड़ें इलेक्शन, हमें नहीं है कोई ऑब्जेक्शन

जिस नौकरी को लेकर कांग्रेस उम्मीदवार रेखा मकवाना के नामांकन को निरस्त कराने की शिकायत की गई थी वहां रेखा मकवाना पहले ही तैयार थी। नगर निगम का लेटर बताता है कि रेखा मकवाना ने ठेका सफाई श्रमिक के पद से दो दिसंबर को ही इस्तीफा दे दिया था और यह इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया था और उनकी आउट सोर्सिंग नौकरी से सेवा समाप्त कर दी गई थी। नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने यह पत्र लिखकर दिया था कि नगर निगम गाजियाबाद के पार्षद पद हेतु चुनाव लड़ने के लिये नगर निगम गाजियाबाद को कोई आपत्ति नहीं है।



# प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने किया औरियनप्रो फैक्ट्री का भ्रमण और सुनी उद्यमियों की समस्याएं





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपेंद्र गोयल, अध्यक्ष- उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ द्वारा आयोजित फैक्ट्री भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रदेश सरकार में मंत्री व गाजियाबाद के प्रभारी असीम अरुण द्वारा विधायक संजीव शर्मा, पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, अतुल वत्स के साथ बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित औरियनप्रो फैक्ट्री, जो मेट्रो गेट्स, सिक्योरिटी गेट्स और आधुनिक उपकरण बनाने वाला बहुत ही हाईटैक उद्योग है का भ्रमण किया। औरियनप्रो के प्रबंध निदेशक संजीव सचदेव ने प्रभारी मंत्री का गेट पर स्वागत किया और उन्हें फैक्टरी भ्रमण कराया। प्रभारी मंत्री ने सारे प्रॉसेस और फाइनल उद्पाद को समझा, देखा और फैक्ट्री के सिस्टम्स की बहुत प्रशंसा की। इस दौरान उद्यमी बृजेश अग्रवाल, मनोज शर्मा, मंजीत सिंह, विश्वेंद्र गोयल, राजीव गुप्ता, नीरज चौधरी, संजीव गुप्ता, अनिल गर्ग, रामावतार जिंदल, संजीव अरोड़ा, सुरेंद्र अरोड़ा, अनिल तनेजा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने विधायक, सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के साथ इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के कार्यालय में उपस्थित उद्यमियों की समस्याएं सुनीं। उचित आदेश जारी किए और शीघ्र निदान का आश्वासन दिया। सभी उद्यमियों की मुख्य मांग यूपीसीडा की जमीनों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड कराना और इस विषय में उद्यमियों की मुख्य मंत्रीजी से समय लेने की रही। मंत्रीजी की त्वरित कार्य शैली की सभी उद्यमियों ने जमकर तारीफ की। मंत्रीजी और वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त आईएएमए के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल, हिंदू इकोनॉमिक फोरम (गाजियाबाद चैप्टर) के अध्यक्ष संजीव सचदेव मंचासीन रहे। आईआईए के मनोज अग्रवाल, अमृत स्टील कंपाउंड के सत्यभूषण अग्रवाल, हर्षा कंपाउंड के अजीत सिंह नंदा, साउथ साइड के महेश अग्रवाल, दिनेश मक्कड़, प्रीतपाल सिंह, आनंद इंडस्ट्रियल एस्टेट के किरण पांचाल, एआईएमओ के श्री निर्मल सिंह, अरुण अग्रवाल एवं अन्य अनेक उद्यमी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सुशील अरोड़ा द्वारा प्रभारी मंत्री को धन्यवाद के साथ सफल कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# राकेश टिकैत एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे

## हापुड़ में किसानों की पुलिस से झड़प



**नोएडा, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के जीरो पाइंट पर होने वाली महापंचायत में शामिल होने पहुंच रहे राकेश टिकैत को पुलिस प्रशासन ने अलीगढ़ के टप्पल पर रोक लिया। इसके बाद पंचायत से किसानों ने ऐलान किया कि अगर 1 घंटे में राकेश को नहीं छोड़ा तो आंदोलन होगा। किसानों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने राकेश टिकैत को छोड़ दिया। राकेश टिकैत वहां से भागते हुए यमुना एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे। पुलिस पीछे-पीछे दौड़ती रही। पुलिस को डर था कि टिकैत हाईवे पर न बैठ जाएं। हालांकि, वह से गाड़ी से ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गए। सपा भी पंचायत में शामिल हो गई है। नोएडा में गिरफ्तार 8 किसान नेता समेत 123 किसानों की रिहाई की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने महापंचायत बुलाई है। लुकसर जेल में बंद इन सभी किसानों को छोड़ दिया गया है। सुबह 11 बजे से किसान ग्रेटर नोएडा के जीरो पाइंट इकट्ठा हो रहे हैं। यहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। पंचायत में किसानों की मांगों पर चर्चा होगी। इसके अलावा किसान अफसरों से बातचीत करेंगे। भारतीय किसान मोर्चा के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा- किसानों की मांगें जायज हैं। उन मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। इधर, मंगलवार देर रात किसानों की समस्याओं का समाधान लिए योगी सरकार ने हाईपावर कमेटी का गठन किया। कमेटी 1 महीने के अंदर रिपोर्ट शासन को सौंपगी।

# मोदीनगर में विद्युत विभाग की कार्रवाई निरंतर जारी, मुनादी कराकर दी ओटीएस की जानकारी






**मोदीनगर करंट क्राइम।** बुधवार को पावर कारपोरेशन की एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के प्रति बकायेदारों को जागरूक करने के लिए गांव कलछीना में अभियान चलाया गया। अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय पुलिस बल व विद्युत विभाग की टीम के साथ गांव कलछीना पंहुचे और उन्होंने गांव का भ्रमण कर कटिया डालकर चोरी करने वाले व बकायेदारों के विरूद्ध अभियान की शुरूआत की और कहा विद्युत चोरी करते पायें जाने पर कानूनी कार्रवाही की जायेंगी। उन्होंने मुनादी व लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीण उपभोक्ताओं को अवगत कराया कि बिजली बिल बकायदारों के लिए ओटीएस योजना 2024-25 की शुरूआत 15 दिसंबर से होगी।

यह योजना 15 दिसंबर से लेकर 31 जनवरी 2025 तक तीन चरणों में चलेगी। इसका लाभ लेने के लिए कारपोरेशन की वेबसाइट पर पंजीयन करना होगा। मूल बकाए का 30 फीसदी जमा करना होगा। बाकी बकाया में सरचार्ज में छूट मिलेगी। इसमें पंजीकरण के समय 30 सितंबर 2024 तक के बिजली के बिलों के मूल बकाये का 30 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। उपभोक्ताओं को 30 सितंबर 2024 तक के बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट मिलेगी।

### तीन चरण में चलेगी योजना

**करंट क्राइम।** अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि यह योजना तीन चरणों में चलेगी, इसमें पहला चरण 15 दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें 1 किलो वाट भार तक और मूल बकाया 5000 तक एकमुश्त जमा करने पर 100 फीसदी छूट मिलेगी और 10 किस्तों में जमा करने पर विलंबित भुगतान अधिभार में 75 फीसदी छूट है। वहीं पांच हजार से अधिक बकाया पर 70 फीसदी और किस्तों में भुगतान करने पर 60 फीसदी छूट मिलेगी। सभी उपकेंद्रों व बिजली कार्यालयों में बैनर व पोस्टर लगाकर प्रचार किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि ओटीएस का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। धीरे-धीरे पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ेगी।

### 1.20 लाख जुमार्ना वसूला, 28 बकायेदारों के मीटर उतारे, 11 पर रिपोर्ट दर्ज

**करंट क्राइम।** बताते चलें कि मंगलवार को गांव कलछीना में टीम ने छापेमारी कर 1.20 लाख का जुमार्ना वसूला। 28 बकायेदारों के मीटर उतारे गए। साथ ही मीटर उतारने के बावजूद चोरी छिपे कटिया डालने वाले 11 पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। हंगामे की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। टीम करीब तीन घंटे तक गांव में रही। इस दौरान अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने लोगों से कहा कि विद्युत चोरी अपराध है। यदि कोई विद्युत चोरी करता मिलता है तो विद्युत विभाग की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कराई जायेंगी।

# ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन ने निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा 2009 के तहत दाखिले कराने के लिए प्रभारी मंत्री असीम अरुण का किया आभार प्रकट



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन व महासचिव सचिन सोनी ने जनपद प्रभारी मंत्री असीम अरुण से मुलाकात कर उनका उन दाखिलों के लिए आभार प्रकट किया जोकि मंत्री जी के संज्ञान में आने के बाद हुए है। साथ ही प्रभारी मंत्री असीम अरूण को शिक्षा विभाग की उन खामियों से भी अवगत कराया जिनके कारण दाखिले होने में दिक्कत परेशानी आती है। एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी जैन ने मंत्री जी को बताया की गाजियाबाद में संचालित अधिकतर स्कूलों ने यू. डी. आई.एस.ई.नंबर नही ले रखा है जिस कारण कम स्कूलों के लिए अधिक आवेदन प्राप्त हो जाते है।

एसोसिएशन के महासचिव सचिन सोनी ने बताया की अन्य वार्ड के बच्चों का नाम भी पात्र आवेदक की सूचि में आ जाता है जिसे स्कूल संचालक दाखिला देने से मना कर देते है इसी के साथ शासन स्तर से उन स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही की करने की मांग की जिन्होंने एक भी बच्चे का दाखिला नही दिया है ओर जनपद से उनके खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेजी गयी है।

## शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनगर आरडब्ल्यूए टीम ने नव निर्वाचित शहर विधायक संजीव शर्मा को उनके निवास स्थान पर पहुंच कर जीत की बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राजनगर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डीके गोयल,वरिष्ठ सदस्य तथा सहकारिता क्रय विक्रय समिति चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत, सचिव अमरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी, पूर्व अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

# संघ के पदाधिकारियों ने शौर्य यात्रा निकालने को लेकर की बैठक

## 15 दिसंबर को होने वाली यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगरपालिका खोड़ा मकनपुर में बुधवार को संघ के महानगर वैशाली इकाई के पदाधिकारियों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बताते चलें आपको कि बैठक आयोजन संघ की पूर्व विभाग संयोजिका के नेतृत्व में रजत विहार स्थित गोकुल गौशाला धाम नगरपालिका खोड़ा मकन पुर प्रांगण में किया गया।

बैठक में 15 दिसंबर 2024 में होने वाली शौर्य यात्रा निकालने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बता दें आपको कि बैठक का समापन सभी देवताओं से संबंधित मंत्रोच्चार कर किया गया। वहीं दूसरी ओर जय श्री राम, जय बजरंगबली आदि समस्त देवताओं के नाम की जय जयकार करते हुए गोष्ठी का समापन किया गया। इस शुभ अवसर पर शाहिल संगठन मंत्री वैशाली महानगर, डा बी के गुप्ता अध्यक्ष महानगर वैशाली चेयरमैन अर्पण नर्सिंग होम खोड़ा, मनोज गुप्ता महानगर गौ रक्षा प्रमुख, वैशाली, पूनम गोयल पूर्व विभाग संयोजिका वैशाली, प्रणव जी प्रखंड मंत्री वैशाली, मनोज धयानी प्रखंड उपाध्यक्षे, महानगर वैशाली, अंकुर महानगर सहसंयोजक वैशाली, सौरभ तिवारी प्रखंड संयोजक महानगर वैशाली, दिवस बल उपाचना प्रमुख प्रखंड महानगर वैशाली, शिवम सक्सेना विद्यार्थी प्रमुख महानगर वैशाली, आशीष पूर्व उपाध्यक्ष महानगर वैशाली, राकेश गर्ग पूर्व जिला मंत्री महानगर वैशाली, बबलू शाक्य पूर्व प्रखंड अध्यक्ष आदि काफी संख्या में संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) ने बुधवार को बांग्लादेश व अन्य विश्व भर में हिंदू समाज पर हो रहे हमलों एवं अत्याचारों के खिलाफ जिलाधिकारी गाजियाबाद के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक ज्ञापन दिया और मांग की है कि शीघ्र अति शीघ्र बांग्लादेश आदि विश्व भर में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार अति शीघ्र बंद किए जाएं।

ज्ञापन देते समय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि आज विश्व भर में हिंदू समाज पर अनेक हमले हो रहे हैं और बांग्लादेश में तो हिंदुओं पर अत्याचार की प्राकाष्ठा हो गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है की एक बार फिर हम 1947 के दौर में पहुंच गए हैं। अगर ऐसा प्रतीत होता है बांग्लादेश की वर्तमान सरकार इन अत्याचारों को अपना समर्थन दे रही है अन्यथा बांग्लादेश में इस प्रकार का अत्याचार हिंदुओं पर 1947 के बाद कभी नहीं हुआ। बांग्लादेश सरकार को और वहां के उन बहुसंख्यक लोगों को सोचना चाहिए। अगर भारत ने इस पर जरा सा भी एक्शन लिया तो उनको खाने को रोटी भी नहीं मिलेगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक सत्येंद्र यादव ने कहा आज विश्व भर में हिंदुओं पर जो हमले हो रहे हैं। उन हमलों को रोकने के लिए भारत सरकार की कोर्ट नीतियां फेल हो रही हैं। भारत सरकार को वास्तव में सत्ता की राजनीति छोड़कर हिंदुओं के हित के लिए भारतीयता के लिए ठोस कदम उठाने होंगे अन्यथा विश्व में हिंदू कहीं भी सुरक्षित नहीं रहेगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रुप से मनोज कुमार शर्मा होदिया, अनिल सिन्हा, राजकुमारी यादव, राजेंद्र यादव, संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र गौतम, अर्जुन सिंह, मुकुल सक्सेना ,तेजेंद्र वर्मा, हरिशंकर वर्मा, प्रदीप तिवारी,अनिल श्रीवास्तव, धीरेन्द्र तिवारी, धीरेन्द्र भदौरिया, महेश पाण्डेय लल्लन, अभिन्नदन तिवारी, गणेश शर्मा मुकेश शर्मा, शामिल रहे।

# उत्सव भवन में कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्रॉसिंग, प्रताप विहार और विजय नगर मंडल के कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं धन्यवाद समारोह गुरुवार को उत्सव भवन में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री असीम अरुण, पप्पू पहलवान, रनीता सिंह, सुशील गौतम, राम बाबू शर्मा, सुनील यादव, धर्मेंद्र, सुधीर शर्मा, देवेंद्र त्रिपाठी और अन्य देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा, कार्यकर्ताओं का जोश, समर्पण और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा देखकर गर्व की अनुभूति हुई। आप सभी के सहयोग और स्नेह के लिए हृदय से आभार। आप सभी का प्रेम मेरी प्रेरणा है।

# परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के अंतर्गत परीक्षाएं संपन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के अंतर्गत बुधवार को जनपद गाजियाबाद में 141 विद्यालयों में कक्षा 3, 6 और 9 में परीक्षा संपन्न हुई। इसके अंतर्गत 42 विद्यालयों में कक्षा तीन की परीक्षा हुई। 45 विद्यालयों में कक्षा 6 की और 54 विद्यालयों में कक्षा 9 के बच्चों की परीक्षा हुई। यह परीक्षा यूपी बोर्ड से सम्बद्ध माध्यमिक, परिषदीय, सहायता प्राप्त विद्यालय ,सीबीएसई और आईसीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं मदरसों में आयोजित की गई। उक्त परीक्षा के अनुश्रवण हेतु राष्ट्रीय ऑब्जर्वर संगीता श्रीवास्तव, उपप्राचार्य डायट ज्योति दीक्षित, बीएसए ओपी यादव, जिला समन्वयक प्रशिक्षण अरविंद शर्मा, एवं जिला समन्वयक एमआईएस रुचि त्यागी, एसआरजी पूनम शर्मा, विनीता, देवांकुर एवं डाइट मेंटर्स ने अनेक विद्यालयों का भ्रमण किया। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण परीक्षा है जो भारत में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा तीन, छह और कक्षा नौ के छात्रों की गणित, विज्ञान, भाषा और अन्य विषयों में प्राप्त ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करती है। एनएएस के परिणामों से शिक्षा प्रणाली में कमजोरियों का पता चलता है, जिससे सरकार और शिक्षाविद आवश्यक सुधार कर शैक्षिक नीतियों का निर्माण कर सकते हैं। अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जान सकते हैं और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान कर सकते हैं।

इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को एक बुकलेट के रूप में प्रश्न पुस्तिका दी जाती है जिसके उत्तर बच्चे ओएमआर शीट पर भरते हैं। लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी में बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा डायट सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अनवरत संलग्न थे। सभी विद्यालयों में शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई।

# प्रेमिका के शौक पूरे करने के लिए बना लुटेरा, पुलिस ने किया अरेस्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच ने फैक्ट्रियों के गार्डों को बन्धक बनाकर लूट पाट करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश को अरेस्ट किया। जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से 37 किलोग्राम कॉपर वायर व अन्य मोर्टर बरामद की हैं।

पुलिस उपायुक्त नगर जोन द्वारा 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस ने आरिफ पुत्र मोहम्मद अली को हमदर्द मैदान टी पांइट लोहिया नगर थाना सिहानीगेट

### 7 वीं फेल है आसिफ

अपर पुलिस उपायुक्त क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान की टीम ने इस इनामी को अरेस्ट किया है। आरिफ सातवीं फेल है। वह तीन साल तक कार मैकेनिक भी रहा है। अपनी प्रेमिका के शौक पूरा करने के लिए गैंग बनाकर लूट करता। इससे पहले भी अलग अलग स्थानों पर चोरी व लूट की घटना करता। सामान बेचने के बाद पैसों का बंटवारा कर लेते थे।

### गैंग बनाकर करता लूटपाट

7 सितंबर को हरजिन्द्र सिंह पुत्र कुलवन्त सिंह निवासी जूट मिल कम्पाउंड पटेल मार्ग गाजियाबाद ने थाना सिहानीगेट पर आकर सूचना दी थी। कि सुबह 5 बजे पटेल मार्ग गाजियाबाद स्थित उनकी कम्पनी एसपी इलेक्ट्रिकल इन्जीनियर बदमाशों द्वारा गार्ड को बन्धक बनाकर पहले तो ताला तोडकर कॉपर लूटा। गिरोह के सरगना व शातिर अपराधी नदीम उर्फ कल्लू सहित तीन अपराधियों को पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# कूड़ा उठाने की एवज में वसूली करने का लोगों ने जताया विरोध, पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा संगठन ने मुख्य मांग शहर में चल रहे कूड़ा उठाने हेतु पालिका द्वारा 50 व 100 रुपए माह की वसूली के विरोध में पालिकाध्यक्ष को मांगों से संबन्धित एक ज्ञापन सौपा।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में एकजुट हो पालिका पंहुचे व्यापारियों ने कूड़ा, कचरा आदि उठायें जाने के लिये शुल्क के रूप में प्रतिष्ठानों, घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि से द्वारा 50 व 100 रुपए माह की वसूली किये जाने को लेकर अपना विरोध जताया और मांगों से संबन्धित ज्ञापन पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव उर्फ वैशाली को सौपा। अमित गोयल ने कहा कि पालिका द्वारा कई वर्षों से कूड़ा इसी प्रकार उठाया जा रहा है अब नया सरचार्ज इस रूप में लेना सरासर गलत है। प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल ने कहा की सड़क पर हो रहे गड्डों व वर्षों से चली आ रही जल भवरव की समस्या को लेकर पालिका गंभीर नही है ओर आज तक उससे निजात नही दिला पाई, उल्टा नये-नये टैक्स जनता पर सौपने का काम कर रही गोविंदपुरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर में बढ़ती आबादी के बीच बंदरों से हो रहे नुकसान को भी पालिका को ध्यान रखकर हमें सुरक्षा व निजात दिलानी चाहिए। इस दौरान ज्ञापन सौपने वालों में पप्पन शर्मा, राजकुमार खुराना, महेश कश्यप, अमित कराटे, गौरव रहेला, जगदीश मदान, संजीव कौशिक, नीरज राजपूत, मनोज सोनी, दिशांत भूटानी, अंकुर सक्सेना, राजेश गुप्ता, नरेंद्र कुमार, मधुसूदन शर्मा आदि व्यापरीगण मौजूद रहे।

# जाने वाले चले जाते हैं, छोड़ जाते हैं सुखमय यादें : अजय गुप्ता

## पुलिस कमिश्नरेट में संकटमोचक कहे जाने वाले डीआईजी दिनेश कुमार पी का हुआ ट्रांसफर





गाजियाबाद, करंट क्राइम। शासन प्रशासन में अधिकारी तो आते जाते ही रहते हैं। कुछ अधिकारी लोगों के दिल में अपनी छाप छोड़ जाते हैं। ऐसे ही एक अधिकारी डीआईजी दिनेश कुमार पी,जो पुलिस कमिश्नरेट में संकटमोचक कहे जाने वाले अधिकारी का ट्रांसफर, जिला बस्ती में पुलिस महानिदेशक के रूप में ट्रांसफर होकर चले गए। कहते हैं-

*खूबसूरत सा एक पल किस्सा बन जाता है,*
*न जाने कौन जिंदगी का हिस्सा बन जाता है,*
*कुछ लोग जिंदगी में ऐसे मिलते हैं,*
*कभी न टूटने वाला रिश्ता बन जाता है।*

अपनी व्यवहार कुशलता से पुलिस प्रशासन एवं नागरिकों के दिलों में गहरी छाप छोड़कर ट्रांसफर होकर गाजियाबाद से विदा हो गए। उनकी दूरदर्शिता, कुशलता से और व्यवहार के कारण काफी समय तक उनको याद किया जाएगा। ऐसे अधिकारी का हम अभिनंदन करते हैं,और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं,वह कहीं भी रहे लोगों के दिल में अपनी छाप बनाते रहेंगे।

# डूंडाहेड़ा के हिमांशु त्यागी ने रोशन किया देश का नाम







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले के डूंडाहेड़ा गांव के रहने वाले हिमांशु त्यागी ने देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि एक प्रतियोगिता में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने दुनिया में भारत देश का परचम लहराया है। पिछले महीने हिमांशु ने दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था और इसमें उन्होंने सातवां स्थान प्राप्त किया था।

हिमांशु त्यागी हर्बल कार्ट इंडिया के ब्रांड व कम्यूनिकेशन हेड होने के साथ साथ ब्रांड एंबेसडर भी हैं। हिमांशु त्यागी अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद के संरक्षक आशाराम त्यागी व शिवकुमार त्यागी के बेटे व पत्रकार विवेक त्यागी के छोटे भाई हैं। अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद मंगलवार को वह भारत वापस लौटे। दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद यूपी गेट, विजयनगर बाईपास वह डूंडाहेड़ा गांव स्थित आवास पर भी उनका स्वागत किया गया। पूर्व पार्षद व वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र त्यागी समेत अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने डूंडाहेड़ा गांव स्थित आवास पर पहुंचकर हिमांशु त्यागी को देश का नाम रोशन करने के लिए बधाई व आशीर्वाद दिया। इस दौरान समाज के संरक्षक बिजेंद्र त्यागी, एसपी त्यागी, अनिल त्यागी भदौली, प्रहलाद त्यागी मकनपुर, मुकेश त्यागी मकनपुर, सुरेंद्र त्यागी राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व समाज महासंघ, संजय त्यागी मोरटा, रजनीश त्यागी मोरटा, एडवोकेट जितेंद्र यादव, कारोबारी अनुज त्यागी, कारोबारी प्रशांत पंडित, भाजपा नेता प्रवीण पाठक, भाजपा नेता जितेंद्र यादव, गौरव चौधरी, निखिल चौधरी, हेमंत, आशीष, हिमांशु असवाल, अभिषेक, पवन आदि मौजूद रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 05 दिसंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Arvind Teotia updated his profile picture.
1h

भोलेनाथ की अदालत में वकालत नहीं होती
और यदि सजा हो जाये तो जमानत नहीं होती
इसलिये !!
! स्वस्थ रहो मस्त रहो !!!



## एकनाथ शिंदे आज लेंगे डिप्टी सीएम पद की शपथ

**महाराष्ट्र।** देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। फडणवीस ने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे, ठउढ लीडर अजित पवार के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान भाजपा के ऑब्जर्वर्स विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण भी मौजूद थे। इसके बाद फडणवीस, शिंदे और पवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। फडणवीस और शिंदे दोनों ने कहा कि कितने और कौन-कौन मंत्री



शपथ लेंगे, इसकी जानकारी दे दी जाएगी। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम कल 5:30 बजे आजाद मैदान में होगा। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में यह कार्यक्रम होगा। महायुति की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद देवेंद्र फडणवीस सीएम हाउस पहुंचे। यहां उनकी एकनाथ शिंदे के साथ 45 मिनट मीटिंग हुई। सूत्रों ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम बनने तो तैयार हो गए हैं, लेकिन अभी भी वह गृह मंत्रालय के लिए अड़े हैं। मीडिया ने सवाल पूछा कि शिंदे और पवार डिप्टी सीएम की शपथ लेंगे। इस पर अजित पवार ने कहा- कोई ले रहा है, या नहीं, ये अलग बात है। इन लोगों का शाम तक तय होगा पर मैं तो कल शपथ ले रहा हूं यह तय है। इस पर शिंदे ने कहा कि अजित दादा को दिन में और शाम को शपथ लेने का अनुभव है। हम तीनों नेता एक हैं। डिप्टी सीएम और सीएम सिर्फ तकनीकी पद हैं।

## साबरमती एक्सप्रेस देखने की एमएलसी दिनेश गोयल ने लगाई हैट्रिक

### पहले सरकारी अधिकारी, फिर परिवार फिर कार्यकर्ताओं के साथ देखी फिल्म







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल ने 'साबरमती एक्सप्रेस' फिल्म को लेकर हैट्रिक लगाई। उन्होंने यह फिल्म सरकारी अधिकारियों को दिखाई, अपने परिवार को दिखाई और भाजपा कार्यकर्ताओं को दिखाई। एमएलसी दिनेश गोयल ने इसके लिये वीवीआईपी मॉल का ओडी नंबर-वन बुक किया। इसमें ढाई सौ लोग एकसाथ फिल्म देख सकते हैं। दिनेश गोयल के आमंत्रण पर सब पहुंचे और ये हॉल खचाखच भरा हुआ था। सबसे खास बात ये है कि एमएलसी दिनेश गोयल ने ह्यसाबरमती एक्सप्रेसह्न फिल्म को देखने की हैट्रिक लगाई। उन्होंने ये फिल्म तीन बार देखी। उन्होंने सबसे पहले अधिकारियों के साथ फिल्म को देखा, उसके बाद अपने परिवार के साथ यह फिल्म देखी और फिर भाजपा कार्यकताओं के साथ फिल्म को देखा। फिल्म देखने के बाद एमएलसी दिनेश गोयल ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस फिल्म में गोधरा कांड की सच्चाई दिखाई गई है। तथ्यों पर आधार इस फिल्म को सबको देखनी चाहिए। वहीं फिल्म के बाद दिनेश गोयल की मेहमान नवाजी के भी लोग कायल हुए। दिनेश गोयल ने सभी मेहमानों के लिये भोजन का विशेष रूप से इंतजाम किया था। दिनेश गोयल के आत्मीय व्यवहार और अपनेपन से सभी अभिभूत हुए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के बहिष्कार की बार एसोसिएशन ने दी चेतावनी

### कहा जब तक नहीं होगा जिला जज का तबादला, तब तक नहीं करने देंगे काम

### बुधवार को भी अधिवक्ताओं ने जारी रखी हड़ताल और आंदोलन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अधिवक्ताओं की एक महीने से अधिक से हड़ताल चल रही है और हड़ताल की वजह से कचहरी का कामकाज पूरी तरीके से प्रभावित होता जा रहा है। वकीलों ने अब अपना आंदोलन दोबारा से तेज कर दिया है और लगातार नए-नए प्रयास किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने बुधवार को सार्वजनिक प्रस्ताव पास किया है कि न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है ,यह आयोजन 14 दिसंबर को होना है वकीलों ने जिला जज अनिल कुमार द्वारा निहत्ते वकीलों पर कोर्टरूम में लाठी चार्ज कराए जाने की विरोध में राष्ट्रीय लोक अदालत का पूर्ण बहिष्कार करने की घोषणा कर दी है। बता दें कि बार का आरोप है कि पुलिस भी जिला जज के दबाव में अधिवक्ताओं पर झूठे मुकदमें आधारहीन शिकायतों के आधार पर दर्ज करने का काम कर रही है।






### आज भी वकील जारी रखेंगे कलम बंद हड़ताल

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जहां सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल से मुलाकात की। तो अब वह अपने आंदोलन को कलम बंद कर चुके हैं। बुधवार को भी अधिवक्ताओं का आंदोलन और हड़ताल जारी रही। तो वही अलग-अलग बार संघ भी उनके समर्थन में आगे आ चुके हैं। अब 5 दिसंबर दिन गुरुवार को चेंबर नंबर 101 से लेकर चैंबर संख्या 1130 और नई बिल्डिंग चेंबर में एक से लेकर चैंबर 42 तक के सभी अधिवक्ता हड़ताल में शामिल रहेंगे, धरना- प्रदर्शन भी करेंगे और 11 वरिष्ठ अधिवक्तागण क्रमिक अनशन पर भी मौजूद रहेंगे।

### गाजियाबाद बार के संग 6 दिसंबर को होगी 22 जनपदों की बैठक

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने जानकारी दी है कि जब तक जिला जज अनिल कुमार का स्थानांतरण या निलंबन नहीं होता है तब तक वह अपने आंदोलन को जारी रखेंगे। इस कड़ी में आंदोलन को और ज्यादा सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए शुक्रवार 6 दिसंबर को 22 जिलों के अधिवक्तागण जिसमें दिल्ली-एनसीआर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश और जिला बार एसोसिएशन समस्त, तहसील बार संघ भी शामिल होंगे। यह आगे की रणनीति तय करेंगे कि आंदोलन को कैसे चलाया जाए। बता दें कि अधिवक्ता संसद भवन कूच की तैयारी भी कर रहे हैं। साथ ही आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए कई और प्रयास किया जा रहे हैं।

## क्यों जरूरी है कल्याणी के साथ वार्ड चुनाव में चौहान का नजर आना

### अगर जारी रहा नाराजगी का फसाना तो मजबूत हो जाएगी मकवाना





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की ये सबसे बड़ी खूबी है कि वो टिकट होते ही नाराजगी फैक्टर को दूर करती है, वो किसी भी मोर्चे पर कमी नहीं छोड़ती और चुनाव वार्ड का हो, विधानसभा का हो, लोकसभा का हो वो हर चुनाव में साथ लेकर चलती है। शहर विधानसभा का उपचुनाव हुआ तो यहां टिकट घोषित होते ही सबसे पहले नाराज चेहरों को साधा गया और एक बार फिर अब जब वार्ड का उपचुनाव हो रहा है तो यहां भी नाराजगी फैक्टर है और ये चर्चा पहले दिन से शुरू हो गई है कि अगर कल्याणी का चुनावी कल्याण होना है तो यहां उनके साथ भगवा चौहान का नजर आना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसके संदेश ठीक नहीं जाएंगे।



कहने वाले इसी बात को कह रहे हैं कि चुनाव में कई बार कुछ वोटों से भी बड़ी चोट लगती है। कुछ वोटों का मतलब व्यक्ति को चुनावी बेला में तुच्छ बना देता है। एक-एक वोट की कीमत होती है। खासतौर से चुनाव में जब असरदार चेहरा अगर नाराज है तो ये संगठन का दायित्व बनता है कि पहले उस चेहरे को साथ लें, वरना बाद में यही होता है कि अगर उन्हें मना लिया होता तो ऐसा होता, अगर उन्हें बैठा लिया होता तो ऐसा होता। फिलहाल भाजपा खेमे के बीच ये चर्चा है कि अगर कल्याणी के चुनाव को कल्याण की ओर लेकर चलना है तो यहां उनके साथ भगवा चौहान का नजर आना जरूरी है। बताया जा रहा है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर यहां चुनाव की तस्वीर बदलेगी और कांग्रेस की मकवाना मजबूत हो जाएंगी। भगवा चौहान यहां कल्याणी के साथ चलेंगे तो उसका संदेश जाएगा। हालांकि भाजपा की एक लॉबी इस बात से भी सहमत है कि कम से कम संगठन की ओर से प्रदीप चौहान से संपर्क साधा जाना चाहिए। माना कि नेतृत्व ने उन्हें सिम्पैथी आधार पर टिकट नहीं दिया, लेकिन यहां की लॉबी तो इस बात पर सिम्पैथी कर ही सकती है कि टिकट मिलना चाहिए था। साथ बैठकर प्रदीप चौहान को समझाया भी जा सकता है। वो भाजपा के कोर वर्कर हैं लिहाजा यहां नाराजगी का कोई ऐसा योर्कर वो नहीं डालेंगे जिससे पार्टी को नुकसान हो, लेकिन समय रहते उनका चुनाव में आ जाना जरूरी है। यहां के कांग्रेस ने रेखा मकवाना को उम्मीदवार बनाया है। रेखा मकवाना सफाई कर्मचारी नेता अशोक मकवाना की पत्नी है। इस वार्ड में वाल्मीकि फैक्टर मजबूत बताया जा रहा है और ऐसे में यहां हार जीत का अंतर भी कुछ वोटों का ही रहना है।

### पूरी उम्र का भाजपाई और बिरादरी साथ आई

**करंट क्राइम।** भाजपा की बात करें तो यहां उसके संगठन के फैसले पर कोई उंगली नहीं उठाई जा सकती क्योंकि ये शीर्ष नेतृत्व के हाथ में है कि वो किसे टिकट दे या ना दें। मगर यहां तो टिकट घोषित होते ही उंगलियां उठ रही है। टिकट की घोषणा में ही सुबह से शाम हो गई। खास बात ये है कि सीट पर रहते हुए, पद पर रहते हुए प्रदीप चौहान की पत्नी उर्मिला चौहान का निधन हुआ। उर्मिला चौहान के निधन पर पूरी भाजपा, पूरा शहर शोक व्यक्त करने उमड़ पड़ा था। ऐसे में ये माना जा रहा था कि सिम्पैथी ग्राउंड पर ये टिकट प्रदीप चौहान को मिलेगा और इसी के बाद प्रदीप चौहान ने अपनी बेटी मानसी चौहान को आगे किया था। यहां से एक अन्य दावेदार जाटव समाज की कार्यकर्ता भी थीं। ना तो टिकट प्रदीप चौहान को मिला और ना ही टिकट जाटव समाज की महिला कार्यकर्ता को मिला।

## रंग लाई निगम की मेहनत, नोएडा और दिल्ली से बेहतर हुई गाजियाबाद की हवा

### उपकरणों के माध्यम से जारी है कार्यवाही, नियमित सड़कें हो रही हैं धूल मुक्त, हो रहा है पानी का छिड़काव : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग उद्यान विभाग तथा निर्माण विभाग द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार के लिए संयुक्त रूप से कार्य किया गया, जिस पर निरंतर कार्य जारी है गाजियाबाद नगर निगम के अथक प्रयास से वायु गुणवत्ता में भी सुधार देखा जा रहा है। एयर क्वालिटी इंडेक्स नवंबर में 400 के पार था जन सहयोग तथा निगम की कार्यवाही के उपरांत वर्तमान में सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 102 आ चुका है, जबकि दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 179 तथा नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स 110 है। आगामी सप्ताह में एयर क्वालिटी में और अधिक सुधार आएगा जिसके लिए निरंतर निगम द्वारा उपकरणों के माध्यम से सड़कों को धूल मुक्त करने का कार्य तथा पानी के छिड़काव का कार्य चल रहा है।











### एयर क्वालिटी इंडेक्स में आया सुधार

**करंट क्राइम।** मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार निर्माण कार्यों को भी विराम दिया गया तथा अवैध रूप से निर्माण सामग्री बिक्री होने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई जिसमें वसुंधरा जोन द्वारा नवंबर माह में 89000 का जुर्माना वसूला गया मोहन नगर जोन अंतर्गत 88000 का जुर्माना वसूला गया विजयनगर जोन अंतर्गत 183000 का जुर्माना वसूला गया सिटीजन अंतर्गत 22000 का जुर्माना वसूला गया, कवि नगर जोन अंतर्गत 118000 का जुर्माना वसूला गया तथा खुले में निर्माण सामग्री बिक्री ना हो इसका विशेष ध्यान रखा गया लगभग 5 लाख की वसूली जुर्माने के रूप में की गई। सभी निर्माण कार्यों पर विराम दिया गया ग्रेप के नियमों का पालन करने हेतु कड़ी कार्यवाही की गई।

### महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के प्रयास रंग लाए

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम की वायु गुणवत्ता को सुधार देने के लिए निरंतर संयुक्त रूप से विभाग लगे हुए हैं। एंटी स्मोक गण वॉटर स्प्रिंकलर मशीन रोड स्वीपिंग मशीन व अन्य उपकरणों के माध्यम से कार्यवाही को तेज किया जा रहा है। आने वाले सप्ताह में वायु गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा। निरंतर गाजियाबाद नगर निगम की कार्यवाही जारी है। सभी विभागों की मॉनीटरिंग भी वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। शहर को स्वच्छ हवा मिले इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त के नेतृत्व में प्रयासरत है जो की सरहनीय है वायु गुणवत्ता सुधार हेतु चल रही कार्यवाही में क्षेत्रीय पार्षदों का भी विशेष सहयोग निगम को मिला।

### वायु गुणवत्ता सुधार हेतु निगम ने जन-जन को किया जागरूक, स्वास्थ्य ने 3,84,400 तथा निर्माण ने लाखों के काटे चलान

**करंट क्राइम।** अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया 17 नवंबर ग्रेप लागू होने के उपरांत विभागों की कार्यवाही को तेज किया गया जिसमें शहर की स्वच्छ हवा को खराब करने वाले कार्यो पर रोक लगाने को रफ्तार दी गई जिसमें अवैध रूप से चल रही भट्ठियों को बंद कराया गया प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही तेज की गई तथा अज्ञात के द्वारा कूड़ा जलाने पर भी कड़ी कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला गया इस प्रकार नवंबर माह में 384400 का जुर्माना वसूला गया, वसुंधरा जोन अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 129500 का जुर्माना वसूला गया, कवि नगर जोन अंतर्गत 42000 का जुर्माना वसूला गया सिटीज के अंतर्गत 47400 का जुर्माना वसूला गया विजयनगर जोन अंतर्गत 53000 का जुर्माना वसूला गया मोहन नगर जोन अंतर्गत 112500 का जुर्माना वसूल किया गया साथ ही आसपास के क्षेत्र वासियों को वायु गुणवत्ता सुधार के लिए जागरूक भी किया गया।

## संपादकीय

# प्रतिगामी होगा परिवार बढ़ाना

भारत इस तथ्य से गौरवान्वित हो सकता है कि देश की कुल प्रजनन दर में गिरावट आई है और वह 1965 के प्रति महिला पांच बच्चों से कम होकर 2022 में 2.01 पर आ गई है। आपातकाल के दौर के 18 महीनों को छोड़ दिया जाए तो यह कमी नागरिक अधिकारों का किसी तरह दुरुपयोग किए बिना हासिल की गई है। ध्यान रहे चीन में यह दर कम करने के लिए 36 वर्षों तक एक बच्चा पैदा करने की नीति लागू की गई थी। कुल प्रजनन दर में कमी दुनिया की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए पूरी तरह अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि यह दर 2.1 की प्रतिस्थापन या रीप्लेसमेंट दर से कम हो गई है। रीप्लेसमेंट दर वह होती है जितने बच्चे हर महिला के हों तो देश में बुजुर्गों और युवाओं की संख्या स्थिर बनी रहती है। लैंसेट के एक अध्ययन पर यकीन किया जाए तो 2050 तक देश की कुल प्रजनन दर 1.29 हो जाएगी। यानी भारत अमीर होने के पहले ही उम्रदराज हो सकता है। देश की जनांकिकी के इस भविष्य से निपटने के लिए कई तरीके अपनाए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा आपूर्ति को मजबूत बनाया जा सकता है, श्रम शक्ति को सही ढंग से प्रशिक्षित किया जा सकता है और बीमा योजनाओं में परिवर्तन किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हाल ही में इसका उपाय तीन संतानों के रूप में दिया है। इसे अपनाने के विषय में विचार नहीं किया जाना चाहिए। भागवत ने नागपुर में एक सभा में इस बात पर जोर दिया जबकि महज दो साल पहले वह जनसंख्या नियंत्रण का आह्वान करते नजर आ रहे थे। तब उनका संकेत हिंदुओं और मुस्लिमों की कुल प्रजनन दर के बीच असमानता की ओर था। अब, जबकि आबादी की वृद्धि दर में कमी आ रही है और भारत में जनांकिकीय ठहराव आने की संभावना बन गई है तब उन्हें देश के समक्ष एक खतरा नजर आ रहा है। जनसंख्या बढ़ाने को प्रोत्साहन देना वृद्धि को गति प्रदान करने की दृष्टि से सरल प्रतीत हो सकता है। कुछ स्कैंडिनेवियन (डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड आदि) और यूरोपीय देश दशकों से आबादी में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। वे परिवारों को चाइल्ड केयर प्रोत्साहन भी प्रदान करते हैं। परंतु इन देशों ने सामाजिक-आर्थिक प्रगति का एक स्तर और प्रशासनिक क्षमता हासिल कर ली है और वह भी बिना सामाजिक रूप से प्रतिगामी हुए (उदाहरण के लिए समान पितृत्व अवकाश)। भारत जैसे असमान देश में जहां कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति असमान और गैर किफायती है, तीन बच्चे पैदा करने का नियम नुकसानदेह हो सकता है। आबादी में बेतहाशा वृद्धि उन सामाजिक लाभों को नुकसान पहुंचाएगी जो देश ने आजादी के बाद हासिल किए हैं। उदाहरण के लिए ऐसी नीति महिला अधिकारों के खिलाफ है क्योंकि बच्चे पैदा करने और उन्हें पालने का पूरा बोझ महिलाओं पर पड़ता है। इससे एक ही झटके में वे सभी लाभ खत्म हो जाएंगे जो महिलाओं ने उच्च शिक्षा, कार्यालयों और दुकानों आदि में जाकर हासिल किए हैं। गरीब और रुढ़िवादी परिवारों से आने वाली महिलाओं को ऐसे मानकों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

# 'बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक' ग्राहकों का अनुभव बनाएगा बेहतर



**नई दिल्ली।** ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, लोकसभा ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित कर दिया है। यह विधेयक बैंक खाताधारकों को अपने खातों में अधिकतम चार नामांकित व्यक्ति रखने की अनुमति देता है। नामांकित व्यक्तियों की अधिक संख्या का उद्देश्य बैंकों में बिना दावे वाली जमा राशियों को कम करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जमाकताओं के पास क्रमिक या एक साथ नामांकन की सुविधा होगी, जबकि लॉकर धारकों के पास केवल क्रमिक नामांकन होगा। एक और बड़ा बदलाव निदेशक पदों के लिए 'पर्याप्त ब्याज' को फिर से परिभाषित करने से जुड़ा है, जो लगभग छह दशक पहले तय की गई 5 लाख रुपये की मौजूदा सीमा के बजाय 2 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, भारत का बैंकिंग क्षेत्र राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण है। हम एक भी बैंक को संघर्ष नहीं करने दे सकते। 2014 से, हम इस बात को लेकर बेहद सतर्क रहे हैं कि बैंक स्थिर रहें। हमारा इरादा अपने बैंकों को सुरक्षित, स्थिर और स्वस्थ रखना है और 10 साल में हर कोई इसका नतीजा देख रहा है, जिससे अर्थव्यवस्था को फायदा हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, आज बैंकों को पेशेवर तरीके से चलाया जा रहा है। मेट्रिक्स स्वस्थ हैं, इसलिए वे बाजार में जा सकते हैं, बॉन्ड और ऋण जुटा सकते हैं। अपने व्यवसाय को उसी के अनुसार चला सकते हैं।

### बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :-

- बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 अधिकतम चार व्यक्तियों को नामांकित करने की अनुमति देता है, जिसमें जमाराशियों, सेफ कस्टडी में रखी वस्तुओं और सुरक्षा लॉकरों को लेकर नामांकन के प्रावधान शामिल हैं।
- विधेयक, किसी व्यक्ति द्वारा लाभकारी हित की शेयरधारिता की सीमा को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये करने की अनुमति देता है
- यह विधेयक बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को वैधानिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की रिपोर्टिंग तिथियों को संशोधित करने की अनुमति देता है, ताकि उन्हें पखवाड़े या महीने या तिमाही के अंतिम दिन के साथ अलाइन किया जा सके।
- विधेयक के साथ सहकारी बैंकों में निदेशकों (अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर) का कार्यकाल 8 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष किया गया है।
- विधेयक केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक को राज्य सहकारी बैंक के बोर्ड में सेवा करने की अनुमति देता है।
- यह विधेयक वैधानिक लेखा परीक्षकों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक को तय करने में बैंकों को अधिक स्वतंत्रता देने का प्रयास करता है।

## ईपीएफओ निवेश कोष 5 साल में दोगुना होकर 24.75 लाख करोड़ रुपये हुआ



**नई दिल्ली।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के निवेश कोष में कुल राशि पिछले पांच वर्षों में दोगुनी से अधिक होकर वित्त वर्ष 2023-2024 में 24.75 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो 2019-20 में 11.1 लाख करोड़ रुपये थी। ईपीएफओ वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा अधिसूचित निवेश के पैटर्न के अनुसार धन का निवेश करता है। ये निवेश निर्धारित पैटर्न के अनुसार डेट सिक्योरिटीज और एक्सचेंज-ट्रेडड फंड में किए गए हैं। 31 मार्च, 2015 को आयोजित केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी), ईपीएफ की 207वीं बैठक की मंजूरी के अनुसार, ईपीएफओ ने अगस्त 2015 से एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड में निवेश शुरू किया। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा को बताया कि 31 मार्च, 2024 तक ईपीएफओ द्वारा प्रबंधित विभिन्न फंडों का कुल कोष 24.75 लाख करोड़ रुपये था। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ईपीएफओ नियमित रूप से बीएसई-सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी-50 सूचकांकों को देखते हुए एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के माध्यम से इक्विटी बाजारों में निवेश करता है। इसके अलावा, ईपीएफओ ने समय-समय पर ऐसे ईटीएफ में भी निवेश किया है, जिन्हें विशेष रूप से भारत सरकार के निकाय कॉरपोरेट्स में शेयरधारिता के विनिवेश के लिए बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, ईपीएफओ ने 2024-25 में अक्टूबर 2024 तक की अवधि के दौरान ईटीएफ में 34,207.93 करोड़ रुपये का निवेश किया है। बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, नीति में न्यूनतम पांच साल की होल्डिंग, सरकारी प्रतिभूतियों से अधिक रिटर्न और सीपीएसई और भारत 22 सूचकांकों से अधिक प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है। सीबीटी ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा विनियमित सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) प्रायोजित इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट)/रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) द्वारा जारी इकाइयों में निवेश के लिए दिशा-निर्देशों को भी मंजूरी दी।

# 2024 की पहली छमाही में भारत का व्यापार 5.45 प्रतिशत बढ़कर 576 अरब डॉलर रहा: नीति आयोग



**नई दिल्ली।** भारत का व्यापार प्रदर्शन चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मजबूत रहा है और इसमें बढ़ोतरी देखने को मिली है। यह जानकारी नीति आयोग द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का व्यापार 2024 की पहली छमाही में सालाना आधार पर 5.45 प्रतिशत बढ़कर 576 अरब डॉलर हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापारिक आयात में लगातार वृद्धि देखी गई, वित्त वर्ष 2025 (चालू वित्त वर्ष) की पहली तिमाही में निर्यात 5.95 प्रतिशत बढ़कर 110 अरब डॉलर हो गया और आयात 8.40 प्रतिशत बढ़कर 173 अरब डॉलर हो गया, जिससे व्यापार असंतुलन बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में भारतीय लोहा और इस्पात निर्यात में भारी गिरावट (33 प्रतिशत) देखी गई, जिसका मुख्य कारण कमजोर घरेलू मांग और वैश्विक बाजारों में चीन के कारण इस्पात की अधिक आपूर्ति है। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में भारत के निर्यात में उत्तरी अमेरिका का योगदान 21 प्रतिशत था, उसके बाद यूरोपीय संघ का योगदान 18.61 प्रतिशत था। आयात मुख्य रूप से पूर्वोत्तर एशिया, पश्चिम एशिया (जीसीसी) और आसियान से हुआ, जो कुल आयात का 51 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के दौरान एफटीए साझेदारों देशों को निर्यात में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इन साझेदारों से आयात में 10.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नीति आयोग के सीईओ, बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि प्रत्येक तिमाही में भारत की व्यापार स्थिति का विस्तृत विश्लेषण प्रदान करके, यह प्रकाशन साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करेगा। सुब्रह्मण्यम ने कहा, यह पहल भारत की व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के साथ जुड़ी हुई है, जिसका उद्देश्य विकसित भारत (भारत@2047) के लिए भारत की व्यापार क्षमता का लाभ उठाना और तेजी से बदलते वैश्विक व्यापार वातावरण में सतत विकास सुनिश्चित करना है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।
- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- साल्मोन रिच युक्त कम कोलेस्ट्रोल डाइट लेने से दिल की बिमारियाँ कम होती है।
- जब पानी से बर्फ बन रही होती तो लगभग 10% पानी तो उड़ ही जाता है। इसलिए ही हमारे फ्रिज में पानी जमा हो जाता है।

## भारतीय शेयर बाजार में दमदार तेजी, बीएसई का मार्केटकैप 450 लाख करोड़ रुपये के पार



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में चल रही तेजी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मार्केट कैप एक बार फिर से 450 लाख करोड़ रुपये के ऊपर निकल गया है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब 4 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दे चुके हैं। इस दौरान बीएसई का मार्केटकैप 10 लाख करोड़ से भी ज्यादा बढ़ा है। मौजूदा समय में बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 454 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार के कारोबारी सत्र में भी तेजी देखी जा रही है। दोपहर 12 :33 बजे सेंसेक्स 163 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,008 और निफ्टी 29 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,487 पर था। एचडीएफसी बैंक, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स, इन्फो एज (नौकरी), डिक्सन टेक्नोलॉजीज, ओबेरॉय रियल्टी, पीबी फिनटेक (पॉलिसीबाजार), कैप्लिन प्वाइंट लैबोरेटरीज, ईक्लर्क्स सर्विसेज, एफल (इंडिया), दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स और केनेस टेक्नोलॉजी इंडिया जैसे शेयर अपने ऑल-टाइम हाई के करीब कारोबार कर रहे हैं। बाजार में व्यापक तेजी बनी हुई है। बैंक निफ्टी इसका नेतृत्व कर रहा है। फिलहाल यह 361 अंक या 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 53,054 पर है। मार्केट एक्सपर्ट्स ने कहा, ₹बाजार से संकेत थोड़े भ्रमित करने वाले हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

एक आदमी छोटा जूता पहनकर जा रहा था
चुन्नू: अंकल जी, जूता कहां से लिया है?
आदमी (चिढ़ते हुए): पेड़ से तोड़ा है
चुन्नू: तोड़ना ही था तो 2 महीने बाद तोड़ते, कुछ बड़ा हो जाता।

---

इंटरवल के बाद अंधेरे में अपनी सीट की ओर लौटती महिला ने कोने वाली सीट पर बैठे व्यक्ति से पूछा- भाई साहब, क्या बाहर जाते समय मैंने गलती से आपका पैर कुचल दिया था?
दर्शक (गुस्से में) - हां, कुचला था, अब क्या माफी मांग रही हो?
महिला - माफी वाफी नहीं, मेरी सीट इसी लाइन में है।

---

सोनू फिजिक्स का एग्जाम देने गया, पेपर में सवाल पूछा गया...
सवाल- कौन सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
सोनू का जवाब- बेसन के पकौड़े




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बांग्लादेश ने 15 साल बाद वेस्टइंडीज में जीता टेस्ट मैच, सीरीज हुई बराबर



**किंग्स्टन, 4 दिसम्बर।** बांग्लादेश ने 15 साल बाद वेस्टइंडीज में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की। सबीना पार्क में खेले गए दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने मेजबान वेस्टइंडीज को 101 रनों से हराया। दूसरी पारी में जाकिर अली की शानदार 91 रनों की पारी ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 287 रनों का लक्ष्य दिया। इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लेकर वेस्टइंडीज की टीम को 185 रनों पर ऑलआउट कर दिया। तैजुल इस्लाम 5-50 का शानदार प्रदर्शन करके मैच के हीरो बने। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका 15वां पांच विकेट हॉल था। चौथे दिन तैजुल की गेंदबाजी ने बांग्लादेश को जुलाई 2009 के बाद कैरेबियन में पहली टेस्ट जीत दिलाई। तैजुल ने कहा, विदेश में टेस्ट मैच जीतना बहुत खास है, जो हम अक्सर नहीं कर पाते। सभी खिलाड़ियों ने जबरदस्त मेहनत की।

इस जीत से बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल किया। हालांकि तैजुल ने दूसरी पारी में 5/50 लेकर सुर्खियां बटोरीं, लेकिन इस जीत में उनके अन्य साथियों का भी बड़ा योगदान रहा।

नवोदित तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने पहली पारी में 5-61 लेकर अपने टेस्ट करियर का पहला पांच विकेट हॉल लिया। तेज गेंदबाज तास्किन अहमद ने लगातार अच्छी गेंदबाजी की और उन्हें सीरीज का संयुक्त सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं, जाकिर अली ने महत्वपूर्ण 91 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 287 रन का लक्ष्य रखा। मेजबान टीम की ओर से कावेम हॉज (55) और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (43) ने संघर्ष किया, लेकिन तैजुल ने सही समय पर विकेट लेकर बांग्लादेश को चौथे दिन यह यादगार जीत दिलाई। इस हार के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने कहा कि हम सकारात्मक होना चाहते थे और मुझे लगता है शुरूआत भी हमने ठीक की थी लेकिन निश्चित तौर पर हम आगे इसको जारी नहीं कर पाए और दिन के अंत में निराश करने वाला प्रदर्शन रहा।

# प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने शिकायतकर्ताओं से पूछी समस्या और अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के दिये निर्देश

## केवल भाजपा के शासन में ही अधिकारी और शिकायतकर्ता को आमने सामने बैठकर होता है समस्या का समाधान:महापौर

- मा. प्रभारी मंत्री ने आई जी आर एस की शिकायतों के निस्तारण के लिए बुलाई बैठक
- मा.मुख्यमंत्री विस्तार योजना की कार्यवाही में तेजी लाने पर चर्चा हुई

### दुधेश्वर नाथ कॉरिडोर बनाए जाने पर हुई गहनता से वार्ता



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण द्वारा विकास भवन में समन्वय बैठक रखी गयी जिसमे महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, विधायक मंजू सिवाच, जिला पंचायत अध्यक्ष, पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह,जी डी ए वी सी अतुल वत्स,सी डी ओ अभिनव गोपाल,अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, अपर नगर आयुक्त अवनेंद्र जी,उद्यान प्रभारी डॉ अनुज एवं तमाम कार्यकर्ता, शिकायतकर्ता एव अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री द्वारा आईजीआरएस पर निरंतर आ रही शिकायतो के निस्तारण न होने वाली 10 शिकायत करने वाली जनता को भी बैठक में बुलाया और अधिकारियों एवं शिकायतकताओं के आमने सामने बैठाकर शिकायत निस्तारण न किये जाने का कारण भी पूछा और अधिकारियों को सख्त चेतावनी भी दी।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि जिस प्रकार की बैठक प्रभारी मंत्री ने की है यह भाजपा के शासन में ही मुमकिन है। हमारे मंत्री बहुत की सरल स्वभाव के व्यक्ति है और जनता के बीच रहकर कार्य करते हैं।

बैठक में गाजियाबाद स्थित श्रीदुधेश्वर नाथ मंदिर में कॉरिडोर बनाये जाने पर बहुत गहनता से चर्चा की गई और जल्द इस विषय पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। ऐसे ही मुख्यमंत्री विस्तार योजना के अंतर्गत हो रहे शहर में विकास कार्यो में तेजी लाने पर जोर दिया गया, जिसके लिए सभी अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया।

# भारत के अभ्यास सत्रों में अब दर्शक और प्रशसंक नहीं रहेंगे उपस्थित

## अभद्र और असभ्य टिप्पणियों के बाद लिया गया फैसला





**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज में अब भारत के अभ्यास सत्रों में प्रशंसकों को अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले टीम के अभ्यास के दौरान कुछ दर्शकों की अभद्र टिप्पणियों से खिलाड़ियों को परेशानी हुई। मंगलवार को अभ्यास सत्र प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया था। इसके बाद कुछ फैंस ने अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने देने की बजाय उनसे चौके और छक्कों की मांग करने लगे। इस पर कुछ खिलाड़ी नाराज हो गए। फिर टीम इंडिया ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को अपने फैसले के बारे में बताया और आगे किसी भी मैच के लिए अभ्यास सत्र में फैंस की एंट्री पर बैन लग गया।

ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र को देखने के लिए जहां सीमित संख्या में दर्शक पहुंचे थे, वहीं हजारों लोग भारतीय टीम को देखने के लिए एकत्र हुए थे। एडिलेड में अभ्यास सुविधा दर्शक दीर्घा के बहुत करीब है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'यह पूरी तरह से अराजकता थी। ऑस्ट्रेलियाई प्रशिक्षण सत्र के दौरान 70 से ज्यादा लोग नहीं आए थे, लेकिन भारत के सत्र के दौरान लगभग 3000 लोग मौजूद थे। किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि इतने सारे प्रशंसक आएंगे।'

उन्होंने कहा, 'सिडनी में पांचवें टेस्ट से पहले भी फैंस के लिए एंट्री की व्यवस्था की गई थी, जिसे अब रद्द कर दिया गया है, क्योंकि खिलाड़ी यहां की गई असभ्य और असंवेदनशील टिप्पणियों से बहुत आहत थे।'

# 6 दिसम्बर को गाजियाबाद में बेरोजगार युवक युवतियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद में 6 दिसंबर 2024 को प्रातः 11.00 से सायं 3. 00 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की राम पिस्टन एण्ड रिंग्स लि० गाजियाबाद कम्पनी 100 से अधिक रिक्तियों के चयन करने हेतु प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में हाईस्कूल से इन्टरमीडिएट एवं आई०टी०आई० पास अभ्यार्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते है। इस कम्पनी द्वारा मशीन ऑपरेटर / हैल्पर पदों के लिए भर्ती की जायेगी। वेतनमान 10000 से 16000 रू0 प्रतिमाह है। रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने की प्रक्रिया निम्नलिखित है।

**(1) पंजीकरण की प्रक्रियाः-** सर्वप्रथम इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट rojgaar sangam.up.gov.in पर जाकर जॉब सीकर के रूप में स्वंय को पंजीकृत करेंगे। पंजीकरण के समय अभ्यर्थी को उसकी लॉगइन आई डी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा तत्पश्चात अभ्यर्थी प्राप्त आई डी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर व्यक्तिगत विवरण एवं शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित फॉर्म भरेगें। अंतिम पृष्ठ को भरने के पश्चात जब अभ्यर्थी सबमिट करेंगे तो उन्हें पंजीकरण संख्या प्राप्त होगा। यह पंजीकरण संख्या तीन वर्ष तक मान्य होगा। तीन वर्ष के पश्चात 15 दिनों के अन्दर नवीनीकरण करना होगा अन्यथा यह पंजीकरण रद्द हो जायेगा। (पंजीकरण निशुल्क है)

**(2) रोजगार मेले में आवेदन की प्रक्रिया :-** रोजगार हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट साइन अप पर जाकर होम पेज पर "Job Seeker" पर क्लिक करेंगे। उसके पश्चात 'रोजगार मेला नौकरियों' पर जनपद गाजियाबाद में सर्च करेंगे। सर्च आईकॉन पर क्लिक करते ही जनपद गाजियाबाद में रोजगार मेले में शामिल सभी नौकरियों का विवरण उपलब्ध हो जायेगा। योग्यतानुसार नौकरी का चयन कर उसके सामने आवेदन करें पर क्लिक करें।

# 43वीं सब जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 43वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप बिहार के बोधगया के काल चक्र मैदान में सफलतापूर्वक आयोजित हुई।

बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को हराया। सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को हराया लेकिन फाइनल में पंजाब से हार गया और दूसरा स्थान प्राप्त किया। गाजियाबाद से आर्यन मिश्रा, कृष्णा और सागर ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने हिमाचल प्रदेश को, सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र को और फाइनल में उत्तर प्रदेश ने राजस्थान को हराकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गाजियाबाद से विद्या, ज्योति और गुनगुन ने उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व किया। अंजुल अग्रवाल अध्यक्ष शूटिंग बॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया, अजय प्रमुख अध्यक्ष, शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश टीम को उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी।



# बल्लेबाजी क्रम को लेकर भावुक हुए राहुल

## कहा- काफी उतार-चढ़ाव देखे, मानसिक चुनौती का सामना किया

**एडिलेड।** केएल राहुल को राष्ट्रीय टीम के साथ अपना 10 साल का करियर 25 साल का लगता है क्योंकि इस दौरान उन्हें बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव के कारण ह्यमानसिक चुनौतीह्व से जूझने के साथ चोट के कारण खेल से दूर रहने और कई तरह की टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है। पर्थ में पहले टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने क आत्मविश्वास से भरे राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले अपने दस साल के उतार-चढ़ाव भरे सफर पर सवालों का खुल कर सामना किया।

इस बल्लेबाज ने कहा, 'मुझे 25 साल जैसा महसूस हो रहा है। मैं कई बार चोटिल हुआ हूं और इससे यह बहुत लंबा समय लगता है। मैंने हालांकि हर पल का लुत्फ उठाया है।' राहुल को करियर के शुरूआत से बेहद प्रतिभाशाली माना जाता रहा है, लेकिन उन्होंने अपने 10 साल के करियर में सिर्फ 54 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने कहा, 'दस साल पहले मैंने ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली सीरीज खेली थी। उस समय मेरे दिमाग में बहुत कुछ चल रहा था। एक छोटे लड़के के रूप में सुबह पांच बजे उठकर अपने पिता के साथ ऑस्ट्रेलिया में होने वाली सीरीज को देखने से वहां खेलने तक। उस समय मैं अपनी बल्लेबाजी, रन बनाने के तरीके, शोर से दूर रहने के तरीके के बारे में उतना आश्वस्त नहीं था जितना अब हूं।'

### टेस्ट मैचों को लेकर क्या बोले राहुल?

उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों को लेकर उनके दिमाग में चीजें स्पष्ट हैं। राहुल ने कहा, 'मैं चाहे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर रहा हूं या मध्य क्रम में अगर मैं शुरूआत में 30-40 गेंदें खेलने में सफल रहा तो सब कुछ सामान्य बल्लेबाजी जैसा लगता है। मैं इसी पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं।' राहुल ने बताया कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने की संभावना के बारे में पहले ही बता दिया गया था। उन्होंने पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की सीरीज का दूसरा मैच खेला था। कर्नाटक के इस बल्लेबाज ने कहा, 'मुझे काफी पहले ही बता दिया गया था क्योंकि मैं न्यूजीलैंड (घरेलू) सीरीज के आखिरी दो मैचों को खेलने से चूक गया था। मुझे तैयार रहने को कहा गया था क्योंकि मुझे बल्लेबाजी में पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है।'

# सर्वोच्च टेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे हैरी ब्रूक

**दुबई, 4 दिसंबर।** इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने क्राइस्टचर्च में पहली पारी में 171 रन की शानदार पारी खेली और उनकी टीम ने इस दौरान 8 विकेट की जीत दर्ज की, जिससे दाएं हाथ के बल्लेबाज टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। इसके साथ ही वह इस लिस्ट में नंबर-1 पर काबिज जो रूट के करीब पहुंच गए हैं। ब्रूक के सातवें टेस्ट शतक ने उन्हें करियर की सर्वोच्च रेटिंग 854 दिलाई। जिसने उनके और रूट के बीच अंतर को केवल 41 अंकों तक कम कर दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान को उसी मैच में एक दुर्लभ और अनचाहे रिकॉर्ड का सामना करना पड़ा, जिसमें उन्होंने दो साल से अधिक समय में उनका पहला टेस्ट डक दर्ज किया गया। रैंकिंग में हुए इस उलटफेर में भारत के यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर खिसक गए। जबकि, इंग्लैंड के ओली पोप (आठ स्थान ऊपर 32वें स्थान पर) और कप्तान बेन स्टोक्स (सात स्थान ऊपर 34वें स्थान पर) ने ब्लैक कैप्स पर जीत में योगदान देने के बाद रैंकिंग में सुधार किया।

डरबन में श्रीलंका पर दक्षिण अफ्रीका की 233 रनों की शानदार जीत के बाद आईसीसी रैंकिंग में और सुधार हुआ। प्रोटियाज कप्तान तेम्बा बावुमा ने 70 और 113 रनों की पारी खेली, जिससे उन्हें 14 पायदान की छलांग मिली और वे अपने करियर में पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हो गए। श्रीलंका के कामिंडू मेंडिस भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। वे बल्ले से अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बाद दो पायदान चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अन्य उल्लेखनीय सुधारों में श्रीलंका के दिनेश चांदीमल (दो पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) और ट्रिस्टन स्टब्स (29 पायदान ऊपर 42वें स्थान पर) शामिल हैं, जिन्होंने डरबन टेस्ट में प्रभावित किया। डरबन टेस्ट के स्टार निस्संदेह दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन थे, जिन्होंने पहली पारी में 7/13 के विनाशकारी स्पेल की बदौलत मैच में 11 विकेट लिए। जेनसन की ऑल-राउंड प्रतिभा ने उन्हें दो श्रेणियों में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दिलाई।

**ब्रूक के सातवें टेस्ट शतक ने उन्हें करियर की सर्वोच्च रेटिंग 854 दिलाई। इस उलटफेर में भारत के यशस्वी चौथे स्थान पर खिसक गए।**



# 'हरभजन और धोनी अब दोस्त नहीं रहे' भज्जी ने किए कई बड़े खुलासे





**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि वह और एमएस धोनी एक दूसरे से बात नहीं करते हैं। भज्जी ने खुलासा किया है कि उन्हें एमएस धोनी के साथ कोई समस्या नहीं है, लेकिन वह और भारत के पूर्व कप्तान अब दोस्त नहीं हैं। हरभजन सिंह और धोनी 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के अभिन्न अंग थे। धोनी ने इन दोनों टूर्नामेंट में टीम इंडिया की कप्तानी की थी। वहीं, भज्जी ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2007 टी20 विश्व कप में सात और 2011 वनडे विश्व कप में नौ विकेट लिए थे।

एक चैनल से बात करते हुए हरभजन ने खुलासा किया कि वह और एमएस धोनी चेन्नई सुपर किंग्स में अपने वर्षों के दौरान सिर्फ स्टेडियम में बात करते थे और मैदान के बाहर दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं होती थी। हरभजन 2018-2020 के बीच चेन्नई स्थित फ्रेंचाइजी के लिए खेले। उन्होंने आगे कहा कि वह केवल उन लोगों को फोन करते हैं जो उनके कॉल उठाते हैं।

**भज्जी और धोनी में नहीं होती बातचीत :** उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं धोनी से बात नहीं करता। जब मैं सीएसके में खेल रहा था, तब हमने बात की थी, लेकिन इसके अलावा हमने बात नहीं की है। 10 साल से ज्यादा समय बीत चुका है। मेरे पास उनसे बात करने का कोई कारण नहीं है, शायद वह करते हों कॉल। मैं नहीं जानता कि इसके पीछे क्या वजह है। जब हम सीएसके में आईपीएल में खेल रहे थे, तब हम बात करते थे और वह भी मैदान तक ही सीमित थी। उसके बाद न वह मेरे कमरे में कभी आए, न ही मैं उनके पास गया।'

**2021 में भज्जी ने क्रिकेट से संन्यास लिया :** हरभजन और धोनी ने आखिरी बार 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच में एक साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया था। 2015 विश्व कप के बाद हरभजन और युवराज सिंह को भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। हरभजन 2015 के बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सके। उन्होंने 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

### धोनी को लेकर हरभजन के बदलते रहते हैं सुर



भारत के दो पूर्व क्रिकेटर्स हरभजन सिंह और महेंद्र सिंह धोनी के बीच विवाद की खबरें कई बार सामने आ चुकी हैं। हरभजन ने कई बार अपने बयान से भारत के पूर्व कप्तान पर निशाना साधा था। रिटायरमेंट के बाद हरभजन ने राष्ट्रीय टीम से खुद को बाहर किए जाने को लेकर कई बयान दिए थे। एक इंटरव्यू के दौरान भज्जी ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वह कुछ और साल क्रिकेट खेल सकते थे। हालांकि, उन्हें टीम मैनेजमेंट की ओर से उस प्रकार समर्थन नहीं मिला, जैसा एमएस धोनी को मिला था। साथ ही कप्तानी को लेकर भी हरभजन ने कई बयान दिए थे।

### 'मैं उनसे बात नहीं करता जो कॉल नहीं उठाते'



भज्जी ने कहा, 'मेरे पास उनके खिलाफ कुछ भी नहीं है। यदि उन्हें कुछ कहना है तो वह मुझे बता सकते हैं। लेकिन अगर उनके पास बात करने के लिए कुछ होता तो उन्होंने मुझे अब तक बता दिया होता। मैंने कभी उन्हें फोन करने की कोशिश नहीं की क्योंकि मुझमें बहुत जुनून है। मैं केवल उन लोगों को फोन करता हूं जो मेरा फोन उठाते हैं। मेरे पास अन्यथा समय नहीं है। मैं उन लोगों के संपर्क में रहता हूं जिनके साथ मैं दोस्त हूं। एक रिश्ते में हमेशा दोनों पक्षों के सहयोग की जरूरत होती है। अगर मैं आपका सम्मान करता हूं, तो मुझे आशा है कि आप मेरा सम्मान करेंगे या आप मुझे जवाब देंगे। अगर मैं आपको एक या दो बार कॉल करता हूं, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो मैं शायद आपसे उतना ही मिलूंगा जितना मुझे चाहिए होगा।'

### भज्जी ने अपने दिए गए बयानों से लिया यू टर्न

इसके बाद पिछले साल मार्च में एक और इंटरव्यू में भज्जी ने अपने दिए गए बयानों से यू टर्न ले लिया था और कहा था कि उन्हें धोनी से कोई शिकायत नहीं है और दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं। हरभजन ने कहा था- मुझे एमएस धोनी से समस्या क्यों होगी? हमने भारत के लिए काफी क्रिकेट खेली है और हम बहुत अच्छे दोस्त रहे हैं और अब भी हैं। वह अपने जीवन में व्यस्त हो गए और मैं अपने जीवन में व्यस्त हो गया। हम बहुत बार नहीं मिलते, लेकिन संबंध में कोई दरार नहीं है।

# 'न लालच, न अभिमान, बस आयुर्वेद मेरा स्वाभिमान'

## राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ने किया निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शास्त्रीनगर गाजियाबाद (हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर शास्त्रीनगर, आयुष्मान मंदिर) द्वारा गुरुवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी अशोक कुमार राना के कुशल मार्गदर्शन में प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक निःशुल्क किया गया। इस आयोजन में डॉक्टर शिखा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। योग प्रशिक्षक वंदना मिश्रा ने योग सत्र का संचालन किया। योग सत्र के संचालन में अमित त्यागी एवं अरुण कुमार का सहयोग रहा। फार्मासिस्ट प्रवीण पाल, सुभाष द्वारा आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया।

### कैंप में कराई गई निशुल्क खून की जाँच

**करंट क्राइम।** कैंप में आए मरीजों ने बताया कि वो पहले से ही चिकित्सालय दवा लेने आते रहते हैं। यहां की डॉक्टर, स्टाफ सभी का व्यवहार मरीजों के प्रति बहुत अच्छा है और सभी अपने कार्य में कुशल हैं। कैंप में आई कई महिला मरीजों ने बताया कि उन्हें आर्तवजन्य व्याधि जैसे पीसीओडी, अल्पार्तव, श्वेतप्रदर आदि जैसे रोग थे जिनका इलाज वो काफी समय से अन्य जगह से करा रही थीं लेकिन उन्हें कोई आराम नही मिल रहा। जब से यहां से आयुर्वेदिक दवाएं लेनी शुरू की हैं उन्हें काफी लाभ प्राप्त हुआ है। गुरुवार को लगाए गए कैंप में खून की निशुल्क जांच की गई। चिकित्सालय में आयुर्वेदिक दवाइयों के साथ-साथ योग से भी विभिन्न बीमारियों के इलाज किए जाते हैं। कैंप में कुल मरीजों की संख्या 65 रही। साथ ही दैनिक ओपीडी में आने वाले अन्य मरीजों की संख्या 20 रही। कुल 85 मरीजों ने आज के कैंप से दवाइयां प्राप्त कीं।

### आयुर्वेद एवं योग को अपनी जीवनशैली बनाएं : डॉ. शिखा



करंट क्राइम। डॉ. शिखा ने बताया कि शीत ऋतु में होने वाले सामान्य रोग जैसे जुखाम, खांसी, श्वास संबंधित रोग, बालों का झड़ना, त्वचा रोग, उदर रोग एवं विभिन्न जीर्ण रोगों का उपचार आयुर्वेदिक औषधियों से संभव है। आयुर्वेद एवं योग को अपनी जीवनशैली में अपनाने से हम शारीरिक व्याधि के साथ-साथ मानसिक व्याधि से भी निजात पा सकते हैं। चिकित्सालय में अनेक आयुर्वेदिक दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध हैं। जैसे संजीवनी वटी, योगराज गुगल, केशोर गुगल, चित्रकदिवाटी, लौंगादिवटी, पुनर्नवादी मंडूर, पुनर्नवादी गूग्गल, खदिरारिष्ट, अशोकारिष्ट, लोहासव, आदि।

# महानगर अध्यक्ष पद के लिये राजू पांचाल का भी नाम सुर्खियों में

## ओबीसी फैक्टर में जाट, गुर्जर ही नहीं, आते हैं पांचाल भी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर बिसात बैठ चुकी है। सभी अपने-अपने समाज का हवाला देकर टिकट मांग रहे हैं। यहां वैश्य फैक्टर की बात हो रही है और इसके साथ ओबीसी फैक्टर भी चल रहा है। ओबीसी फैक्टर की बात करें तो यहां कई जाट, गुर्जर चेहरे हैं, लेकिन यहां एक नया नाम ओबीसी फैक्टर में राजू पांचाल का चला है। राजू पांचाल भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं और लघु उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपनी बिरादरी के संगठन के प्रदेश मुखिया हैं। महानगर अध्यक्ष पद के लिये उनका नाम, उनकी दावेदारी सुर्खियों में है।

सूत्र बताते हैं कि पार्टी के इस पुराने चेहरे में अध्यक्ष पद के लिये लखनऊ में दावेदारी की है। यहां उन्होंने अपनी दावेदारी का सबसे पहला आधार अपने भाजपा के प्रति समर्पण, चुनावों में की गई मेहनत और फिर बिरादरी का गणित बताया है। ये चर्चा अब चल पड़ी है कि ओबीसी का मतलब केवल जाट, गुर्जर ही नहीं होता बल्कि ओबीसी में अन्य बिरादरी भी आती है, लिहाजा पार्टी इन समाजों पर भी गौर करें। पांचाल समाज की भी अपनी सियासी भागीदारी है। यहां भाजपा को पांचाल समाज के नेताओं के बारे में भी सोचना होगा। राजू पांचाल विधानसभा उपचुनाव में भी पूरी तरह एक्टिव रहे हैं, लगातार मेहनत की है। यहां ओबीसी फैक्टर में अगर बात करें तो मानसिंह गोस्वामी के बाद ये दूसरा नाम सुर्खियों में आया है। राजू पांचाल महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी में मजबूती से चल रहा है एक नाम है। सबसे बड़ी बात ये है कि वो बिरादरी के साथ साथ अपने काम पर भी दावेदारी कर रहे हैं।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भोजन का भी होता है कुर्सी से कोई संयोजन? क्या उन्होंने श्री राम को लगा कर भोग? बनाया है अपने लिए भगवा दफ्तर वाला योग? क्यों कहा कहने वाले ने कि भोजन से भी पूरा होता है कई बार संयोजन? समझ गए हैं समझने वाले और वो अब इस टॉपिक पर जुबान नहीं हैं खोलने वाले? हम नहीं इस तरह की चर्चा कर रहे हैं आज कल वैश्य नेता के चाहने वाले?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उपचुनाव में ही तैयार हो गया था भगवा वार्ड में हाथ वालों का चुनावी फसाना? उडुपी में जब मिले थे हाथ तो यहां भगवा त्यागी पार्षद पति भी थे साथ? इस मीटिंग में मकवाना ने ही था सब के दिल का हाल जाना? जिन्हें लग रही हो ये बात एक फसाना? वो कर ले कन्फर्म क्योंकि इस बात को बीत नहीं गया है जमाना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के उस वार्ड में फूल खिलने की कितनी दिख रही हैं संभावनाएं? देवतुल्य ने कहा आप ये देखना यहां चुनाव लड़ाने ही कितने भाजपाई आएं? सब करेंगे इसी वार्ड में चुनाव प्रचार की बात पर दाएं ओर बाएं? कहने वाले ने कहा पहले भी इस डाउट की वजह से फूल नहीं खिला था? उम्मीदवार को सिला तब भी नहीं मिला था? अब तो सीन है पहले से ज्यादा हार्ड? जनता को भाता है हमेशा सिम्पैथी कार्ड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप न समझे उस इलेक्शन को केवल मोहल्ले का ही चुनाव? सुना है कोई रख रहा है इस चुनाव से अपना पर्सनल लगाव? कहने वाले ने कहा कि सर्द मौसम में लगनी है अभी तो ओर भी आग? अब देखना है कि वो चेहरा कब आता है इस मोहल्ले में मांगने के लिए वोट? फ्लावर वाले दल में यहां होना है अपनी अपनी ताकत का मुलाहिजा? जिनकी यहां पर हम चर्चा कर रहे हैं? वो हैं इस वक्त गाजियाबाद की मोस्ट ताकतवर साहिबा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कभी थे वो बहुत ज्यादा नजदीकी के प्रतीक? मगर ना जाने क्या हुआ उन्होंने देनी शुरू कर दी दूरियों की तस्दीक? कहने वाले ने कहा पहले तो हमारा मन नहीं था इस बात को मानने को तैयार? मगर हमारी गलतफहमी तब दूर हुई जब हम वोट मांगने गये उनके द्वार? दरवाजा पीटा, घंटी बजाई, गेट खटखटाकर काटा पूरा रोला? मगर वो निकले कितने बेदर्द उन्होंने दरवाजा नहीं खोला? बेवफाई का ये सीन देख रहा था पूरा मोहल्ला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ इसी तरह का कराया नागर जी के प्रिय शर्मा जी ने भी एहसास? हम उनसे चुनाव में सहयोग मांगने नहीं बल्कि वोट मांगने गये थे साहब? यहां पर भी हमने खूब बजाये शर्मा जी के गेट? घंटी भी बजाने में नहीं हुए हम लेट? मगर नागर जी के ब्राह्मण दोस्त ने निभाया अपना वादा? गेट पूरा तो क्या नहीं खोला उन्होंने आधा? उनको लेकर भी हमारा मन हो रहा है छिन्न? सत्ता बदल गई मगर ये चेहरे आज भी हैं हमसे भिन्न? लाईन पार वाले नागर जी रिलैक्स रहें, सवालों से नहीं निकला है उनके नाम का जिन्न?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एमएलसी एवं बड़े दिल के नेता दिनेश गोयल की राजनीतिक अदा है बहुत खास? वो अपनी फसल मजबूती से बोते हैं? नहीं काटते हैं किसी की घास? यही वजह है कि राजनीति के महत्वाकांक्षी चेहरे नजर नहीं आते हैं ज्यादा उनके आस-पास? कहने वाले ने कहा हम तो बस इतना जानते हैं कि महानगर अध्यक्ष को लेकर वो अपने प्रिय मास्टर जी के लिए क्या कर रहे हैं प्रयास? कुछ ना कुछ तो उनको करना होगा? कैसे ना कैसे तो बुझानी होगी उन्हें ये आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको कर रहे हैं एक बात स्पष्ट? क्षेत्रीय अध्यक्ष बनना चाह रहीं हैं लेडी भगवा मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष? सुना है उन्होंने अपने मन की बात की है पार्टी के बड़े लोगों से शेयर? कराया है अहसास कि हम हैं पार्टी के पुराने कार्यकर्ता? आपको करनी होगी हमारी केयर? देखना अब ये है कि कितना असर दिखाता है उनका प्रयास? अगर उनके प्रयासों ने पहले भी असर दिखाया होता तो आज सजा होता उनके सिर पर ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि का ताज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने को लेकर यूं तो हैं कई नाम आ रहे हैं बाहर? सुना है अब धीरे-धीरे दिखाई देने लगी है खोड़ा वाले चमन भैया के चेहरे पर भी निखार? सुना है उन्होंने भी रखा है बिरादरी में खुद की दावेदारी का विचार? उनके इस विचार की नाव में कमांडर के प्रिय राघव भी हैं नौका विहार करने को तैयार? सुना है वेस्टर्न वालों के प्रिय सोम भी कर रहे हैं अध्यक्ष बनने के लिए शोम-शोम? भगवा असरदार सरदार भी दिखा रहे हैं जगह-जगह जाकर अपना किरदार? दे रहे हैं सभी संदेश कि बिरादरी वालों का टिकट कटा? कम से कम इस बार तो इतिहास को पलट कर हममें से कोई अध्यक्ष कर लो आप स्वीकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें लगा था भगवा कमांडर के विधायक बनने के बाद क्रान्तिकारी त्यागी जी तोड़ देंगे अपनी शांति? मगर हम देख रहे हैं कि उन्होंने नहीं शुरू की है क्रान्ति? उनकी खामोशी ने तोड़नी शुरू कर दी है हमारी भ्रान्ति? कहने वाले ने कहा उनके इस कदर खामोश रहने से चेहरा-बुक वालों को हो रहा है बहुत ज्यादा नुकसान? कहने वाले कह रहे हैं अधिकतर चेहरों को मायूस लौटना पड़ता है, जब हो जाती है शाम? ना जाने क्यों खेल रहे हैं वो आईस-पाईस? लगता है भाभी जी को दिलाना चाह रहे हैं इस बार बोर्ड मैम्बर वाला प्राईस?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# बेहटा बन्द फाटक पर अंडरपास का डिजाइन हुआ तैयार

## बेहटा बन्द फाटक पर अंडरपास का डिजाइन हुआ तैयार

### लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अधिकारियों के साथ बेहटा बन्द फाटक अंडरपास निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक ली

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा की बड़ी समस्याओं में से एक बेहटा बन्द फाटक की वर्षों पुरानी समस्या अब हल होने जा रही है। बुधवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बन्द फाटक पर अंडरपास निर्माण कार्य से जुड़े सभी विभागों की समन्वय बैठक की। निर्माण में आने वाली सभी समस्याओं को एक महीने में दूर करने को कहा जिससे अंडरपास निर्माण का कार्य को रेलवे शुरू कर सके। इस दौरान बैठक में अधिशासी अधिकारी नगरपालिका लोनी कृष्णकांत मिश्र, तहसीलदार जय प्रकाश, वरिष्ठ सेक्शन अभियंता उत्तर रेलवे अभिषेक शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग एसके सिंह, संजय कुमार एई जल निगम, जेई गुलाब सिंह भाटी, चीफ सेनेट्री इंस्पेक्टर संजीव कुमार, जेई मनोज कुमार, कानूनगो, पटवारी भाजपा नेता ललित शर्मा, गुड्डू दीक्षित व अन्य उपस्थित रहे।

### अगले 3 माह में सभी अड़चनों को दूर कर शुरू होगा निर्माण



### सभी ओयो/गेस्ट हाउस जल्द बन्द होंगे : लोनी विधायक

### ओयो होटल बन्द कराने के लिए पं. ललित शर्मा ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को सौंपा ज्ञापन

लोनी में ओयो होटल बन्द कराने के लिए आंदोलन कर रहे पं. ललित शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया। विधायक ने इस दौरान सभी को आश्वस्त करते हुए कहा सभी ओयो/गेस्ट हाउस जल्द बन्द होंगे। विधायक ने अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित भी किया।

### विधायक ने सभी विभागों को समन्वय बनाकर निर्माण में आ रही दिक्कतों को दूर करने को कहा

रेलवे द्वारा निर्माण कार्य में बाधक रेलवे ट्रैक के पास बह रहे कच्चे नाले, विद्युत पोल के स्थानांतरण की समस्या रखी जिसपर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नगरपालिका को जल्द कच्चे नाले की समस्या को तुरन्त निस्तारित करने, अधिशासी अभियंता को पोल स्थानांतरित करने और अन्य समस्याओं को दूर करने को कहा जिससे रेलवे निर्माण कार्य शुरू सके।

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दिया धन्यवाद, कहा लाखों लोगों को मिलेगा फायदा

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बैठक के बाद कहा कि अंडरपास निर्माण से दो हिस्सों में बंटी हुई लोनी एकजुट होगी गाजियाबाद और दिल्ली जाने वाले दोनों तरफ के लोगों के समय की बचत होगी। बॉर्डर क्षेत्रवासियों व ग्रामीण क्षेत्र के लाखों लोगों का आवागमन सुगम होगा। लगातार अंडरपास न होने के कारण ट्रेक पार करने के दौरान होनी वाली दुर्घटना पर पूर्ण विराम लगेगा। ज्ञात हो कि विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार बन्द फाटक की समस्या को लेकर पहले 2019 में तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल एवं 2023 में वर्तमान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर बन्द फाटक की समस्या को सामने रखा था जिसके बाद रेलवे एवं अन्य संबंधित विभाग की संयुक्त टीम ने बेहटा बन्द फाटक का संयुक्त निरीक्षण एवं सर्वे के बाद ले-आउट बनाकर अंडरपास की संस्तुति की थी। चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों से बन्द फाटक की समस्या के समाधान का लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने वायदा किया था।




### मच गया मौहल्ले में हल्ला बेगानी शादी में नाचेगें कई भगवा अबदुल्ला

पटेल मौहल्ला इस बात का साक्षी बना है कि दो की लड़ाई में किसी तीसरे का कल्याण कैसे होता है। फूल वालों का ही कहना है कि चलो उनसे सिम्पैथी नही रखनी थी तो ना रखते लेकिन भागदौड़ करने वाली देवतुलनी को भी तो किसी भरम में ना रखते। पहले ही बता देतें कि तुम पर तो ये करम नही कर पायेगें हम। बहरहाल जो हुया सो हुया और अब मौहल्ले में इस बात को लेकर फुल हल्ला है कि अभी तो आप देखना कि यहां बेगानी शादी में अबदुल्ला डांस भी होना है। मौहल्ले वाले ही बता रहे हैं कि एक तो दूसरे मौहल्ले से आकर बिना मतलब खुद को फोटो फ्रेम में सेट कर रहा है और दूसरे वो हैं जो इस बात से ही फुल हैप्पी हैं कि बस उसका कट गया। मौहल्ले में रहने वाले भगवाई ने बताया कि इस मौहल्ले से लेकर उस मौहल्ले तक जिनके पल्ले चार वोट नही हैं वो सबसे ज्यादा हल्ले काट रहे हैं। मौहल्ले वालों ने ही ऑफ द रिकार्ड कहा कि देखना यहां कौन कौन से भगवा अबदुल्ला डांस करने के लिये आयेगें और कमाल ये भी होगा कि सगंठन वाले उनकी चुनाव में डयूटी भी नही लगायेगें लेकिन वो फिर भी आयेगें और ठुमके लगायेगें।

### जनता को कोई दिक्कत नही है बस जनप्रतिनिधियों को दिक्कत है

सरकार वालों की तकरार बाबा पार्ट 2 में भी जारी है और सितम ये है कि उखाड़ पहले वालों का भी कुछ नही पाये और उखड़ इस बार भी कुछ नही पा रहा है। विधायक जी ने पांच लैटर लिखे मगर साहब पर कोई आंच नही आई। मेयर ने कहा था कि आइ विल सी यू आफ्टर चार जून मगर दिसबंर आ गया और सब देख ही रहे हैं कि स्वाधीनता दिवस पर तिरंगे को सलामी देने वाले साहब गणतंत्र दिवस पर भी सलामी देगें। फूल वालों के पूर्व मेयर ने लैटर लिखा कि धूल बहुत हो रही है। मौजूदा पार्षद और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ने लिखा कि इस बार का पार्षद कार्यकाल बड़ी जलालत और बड़ी बेइज्जती के साथ निकल रहा है। बात जब सरकारी दफ्तर में चली तो बताया गया कि भाई साहब पूरा विपक्ष मौज में हैं और उन्हे कोई दिक्कत नही हैं। हाथ वाले शांत हैं, साईकिल वाले साइलेंट हैं और हाथी वाले भी चुप हैं। केतली वालों से लेकर पतंग वालों को कोई दिक्कत नही हैं। चलो इन्हे भी छोड़ो और पब्लिक को ही देख लो वो फुल सेटिस्फाई हैं अफसरों के काम से। आपने डीएम के दरवाजे पर जनता को नारे लगाते देखा है क्या, आपने नगर निगम में नगरआयुक्त के दर पर लोगो को शोर मचाते देखा है क्या, निगम में कोई धरना क्यों नही होता। आपने पुलिस कमिश्नर के यहां किसी को उदास हताश निराश होकर भूख हड़ताल पर बैठते देखा है क्या। किसी जनता के व्यक्ति को जीडीए के बाहर धरना देते देखा हो। अगर जनता संतुष्ट हैं तो फिर जनप्रतिनिधि किसकी आवाज उठा रहे हैं। अगर अधिकारी जनता की सुन रहे हैं तो फिर जनप्रतिनिधियों की क्यों नही सुन रहे हैं। बहरहाल जनता की शांति तो बता रही है कि अफसरों के दरवाजे से जनता को इंसाफ मिल रहा है और दिक्कत केवल जनता के चुने हुये जन प्रतिनिधियों को ही हैं बाकि जनता को तो कोई दिक्कत नही है इन अफसरों से।

### भगवा ठकुराईन भी चाहती हैं कमांडरी और पंजाबी यूथ भी मजबूत

जिन भगवा फूल वालों को ये लग रहा हो कि अध्यक्ष वाली कुर्सी का पहिया केवल बनियों पंडितो के इर्द गिर्द ही घूम रहा तो वो थोड़ा अपडेट रहें। सुना है कि दावेदारी में भगवा ठकुराईन भी हैं और एक पंजाबी यूथ भी लाइन में लगा हुया हैं। फूल वालों के ये फेस इस बेस को रख रहे हैं कि अगर बनियों का बेस विधानसभा दावेदारी की कुर्बानी मान रहे हो तो फिर ठाकुरों ने भी तो लोकसभा में दावेदारी बनियों के नाम कर दी और विधानसभा में कंसीडर नही हुये तो अब इसका मुआवजा तो बनता ही है। पंजाबी चेहरे भी इसी मोहरे को चल रहे हैं उनका भी यही आधार है कि मेयर में नही मिला, विधानसभा में कंसीडर नही हुये तो कम से कम सगंठन में तो पंजाबी की भागीदारी तय करो।




# यूपी बॉर्डर पर सब रहा राइट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बुधवार को खास अलर्ट रहा। अलर्ट को लेकर तीनों जोन के डीसीपी से लेकर अन्य अधिकारी मंगलवार से ही टेंशन वाले मूड में आ गए थे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बुधवार को यूपी बॉर्डर पर सब कुछ राइट रहा है इसीलिए फाइट वाला सीन नहीं बन पाया। पुलिस ने जो इंतजाम और मैनेजमेंट कर रखा था वह भीड़ के आगे फेल नहीं हुआ और इलाके वाले साहब से लेकर दूसरे सर्किल के एसीपी भी मौजूद रहे और स्थिति कंट्रोल में रही। सूत्र बताते हैं की आखिरी समय में कमिश्नरेट के वह अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए, जो बेहद खास, समझदार और मैनेजमेंट वाले माने जाते थे। उन्होंने जाते-जाते भी अपना काम बखूबी निभाया और फिर कमिश्नरेट को टाटा बोल गए। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इलाके वाले एसीपी साहब ने पूरी तैयारी कर रखी थी। बुधवार को उनकी कमर पर लगा असलाहा बता रहा था कि वह फुल तैयारी से है। हाथ वाले दल के दोनों प्रमुख फेस बॉर्डर पर थे, तो दिल्ली से लेकर लखनऊ तक हाई अलर्ट वाला मामला था। वहीं इलाके वाले डीसीपी ने भी नेता प्रतिपक्ष को बेहतर ढंग से समझाया और सूत्र बताते हैं कि यूपी गेट से लखनऊ के सबसे शीर्ष पुलिस अधिकारी को भी कॉल वाला प्रोटोकॉल हुआ था। बताया जाता है कि नदियापार वाले साहब की कांग्रेस के सबसे बड़े फेस से ठीक बात हुई, कोई पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बड़ी संख्या में भीड़ जुटाने और दिल्ली से भी कांग्रेस नेताओं के आने के बावजूद यूपी-गाजीपुर बॉर्डर पर जिस अंदाज में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने अपनी प्लानिंग और मैनेजमेंट को प्रदर्शित किया, उसकी चर्चा दिल्ली में भी हुई है। बताया जा रहा है कि भले यूपी गेट पर किसी प्रकार के हालात नहीं बिगड़े पर भीड़ बेहद ज्यादा थी और नेता प्रतिपक्ष का प्रोटोकॉल और अंदाज अलग नजर आ रहा था। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र कह रहे हैं कि यूपी बॉर्डर पर सब कुछ राइट रहा वरना फाइट वाला सीन बन सकता था। फाइट वाला सीन बनता तो स्थिति कुछ भी हो सकती थी। उधर खाकी वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी इस मामले को फाइनल डी एंड ना माना जाए। नेता प्रतिपक्ष जाते-जाते कहके गए हैं कि वह फिर आएंगे और वहां उन्हें जाने से कोई नहीं रोक पायेगा। अब देखना होगा कि क्या आने वाले दिनों में फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस मामले को लेकर तनातनी वाली सिचुएशन देखने को मिलती है।



# अन्नदाता को सड़कों पर नहीं खेतों में होना चाहिए : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने सड़क पर आए किसानों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि मैं भी किसान परिवार से ताल्लुक रखता हूं। स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का अनुयायी हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह के सानिध्य में राजनीति में अपनी सेवाएं दी हैं। मौजूदा में केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के सहयोगी के रूप में पार्टी का सिपाही बनकर काम कर रहा हूं। किसान परिवार से ताल्लुक रखने के कारण देश के अन्नदाता के परिवार के दर्द को समझ सकता हूं। इस नाते मैं आपसे गुजारिश करना चाहता हूं कि देश का अन्नदाता चाहे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश या कोई अन्य प्रदेश जहां पर आंदोलन कर रहे हैं। आप बाकी कामों में से समय निकालकर किसान नेताओं से बात को समझकर देश की अन्नदाता का दर्द समझें और जो भी गंभीर समस्याएं हैं उन समस्या का हल निकलने का प्रयास करें। आप भली भांति जानते हैं स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहा करते थे कि देश की तरक्की का रास्ता किसान के खेत-खलिहान और गांव से होकर निकलता है। मुझे आशा ही नहीं उम्मीद है आप तक मेरी बात पहुंचेगी। आप कृषि मंत्री को आदेशित करेंगे और बहुत जल्द इसके सुखद प्रणाम सामने आएंगे और देश का किसान सड़क पर आंदोलन न करते हुए अपने खेत पर काम करता नजर आएगा।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 10.71 लाख रुपये

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साइबर अपराधियों ने कविनगर एच ब्लाक निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर गार्गी गुप्ता को डिजिटल अरेस्ट कर 10.71 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने उनके नाम से कनाडा भेजे जा रहे कुरियर में ड्रग्स होने और खाते से मनी लॉन्ड्रिंग होने का डर दिखाकर वारदात को अंजाम दिया। मामले में उन्होंने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गार्गी गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 अक्तूबर की दोपहर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को डीटीडीसी कुरियर सहायक बताया। कॉलर ने बताया कि उनके द्वारा मुंबई से कनाडा भेजे जा रहे कुरियर में कपड़ों के साथ छह क्रेडिट कार्ड और ड्रग्स बरामद हुआ है। उनके खिलाफ मुंबई क्राइम ब्रांच में मुकदमा दर्ज हुआ है। इसके बाद ठग ने क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर से बात करने को कहा। दूसरे कॉलर ने उन्हें बताया कि उनके आधार कार्ड पर मोहम्मद इस्लाम मलिक नाम के युवक ने 24 बैंक खाते खोले हैं। इन बैंक खातों से मनी लॉन्ड्रिंग होने की बात कही। कॉलर ने वीडियो कॉल (बैकग्राउंड में पुलिस थाने का सेटअप) कर गार्गी गुप्ता को डिजिटल अरेस्ट कर लिया और जांच के नाम पर गार्गी गुप्ता से तमाम जानकारी हासिल की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Preeti Chandra Rai
1d ·

किसी को नफरत है मुझे,
तो कोई प्यार कर बैठा है !!
किसी को यकीन नहीं मुझ पर ,
तो कोई एतबार कर बैठा है !!
कितनी अजीब है ना, ये दुनिया
कोई मिलना भी नहीं चाहता मुझसे,
और कोई इंतजार कर बैठा है !!
किसी को परछाई भी मेरी नहीं भाती,
और कोई जरा सी दीदार को तरसा है!!



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शायरी के जरिए ये बात कुछ सियासी लग रही है। क्योंकि जिन्होंने ये लिखा उनकी सबसे प्रीति है, उनकी राय का सब सम्मान करते हैं। उन पर सब एतबार करते हैं। प्रीति चंद्रा राय की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# राष्ट्रपति बाइडन ने बेटे को किया दोषमुक्त

## अब ट्रंप उठाएंगे उनके तर्कों का फायदा, कोर्ट से की यह मांग

**वॉशिंगटन ।** आपराधिक धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में दोषी करार दिए जा चुके अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोर्ट से अपने खिलाफ पूरे मामले को ही खत्म करने की मांग की है। ट्रंप ने इसके लिए राष्ट्रपति जो बाइडन की तरफ से अपने बेटे को माफी दिए जाने के मामले का हवाला दिया।

**पहले जानें- बाइडन ने किस आधार पर दी थी हंटर को माफी? :** अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस महीने की शुरूआत में ही अपने बेटे हंटर को क्षमादान दे दिया। राष्ट्रपति जो बाइडन अपने बेटे हंटर बाइडन के बचाव में आते हुए कहा था कि उन्हें (हंटर को) सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह उनके बेटे थे। हंटर अवैध तरीके से हथियार रखने और बंदूक के लिए जांच में गलत जानकारी देने के दोषी पाए गए थे।



मौजूदा राष्ट्रपति ने कहा, 'जिस दिन मैंने कार्यालय संभाला था उसी दिन मैंने कहा था कि मैं न्याय विभाग के फैसले में हस्तक्षेप नहीं करूंगा और मैंने अपना वादा निभाया भी। जबकि, मैं यह देख रहा था कि मेरे बेटे को चुन कर उसके खिलाफ अनुचित तरीके से मुकदमा चलाया जा रहा था।'

उन्होंने कहा, 'अपराध में इस्तेमाल करने, एक से ज्यादा खरीदी करने या किसी और के नाम पर हथियार खरीदने जैसी बातों के बगैर कभी किसी के खिलाफ इस कारण से मुकदमा नहीं चलाया जाता कि उन्होंने फॉर्म कैसे भरा है। यह साफ है कि हंटर के साथ अलग तरह से बर्ताव किया गया। इस मामले में उनके खिलाफ आरोप तब लगे, जब कांग्रेस में मेरे विरोधियों ने मुझपर हमला करने और मेरे चुनाव का विरोध करने के लिए उन्हें उकसाया।' पढ़ें पूरी खबर..

69 पन्नों की ब्रीफ में ट्रंप की टीम ने राष्ट्रपति को मिली सुरक्षा का भी जिक्र किया। टीम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के मुताबिक, राष्ट्रपति को मिली सुरक्षाओं को उनके 'आधिकारिक कार्यों' के साथ राष्ट्रपति के बदलाव के दौरान के कार्यकाल के लिए भी बढ़ाया है। ऐसे में ट्रंप के खिलाफ आरोपों को तुरंत खत्म किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ हुए फैसलों को रद्द किया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि 78 वर्षीय ट्रंप को मई में बिजनेस रिकॉर्ड्स के गलत दस्तावेजों से जुड़े 34 आरोपों में दोषी पाया गया था।

### कोर्ट से ट्रंप की मांग

ट्रंप के वकीलों की टीम ने सोमवार को कोर्ट में दायर याचिका में बाइडन की तरफ से बेटे की माफी के लिए दिए गए इन्हीं तर्कों का जिक्र किया। टीम ने कहा, बाइडन की टिप्पणी खुद उनके अपने न्याय मंत्रालय की आलोचना दशार्ता है। यह वही न्याय मंत्रालय है, जिसने इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ राजनीति से प्रेरित होकर चुना में दखल देने का मामला चलाया और उसकी निगरानी की।

# अमेरिका ने ईरानी तेल परिवहन करने वाली 35 संस्था-जहाजों पर लगाया प्रतिबंध, इनमें दो भारत की भी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने मंगलवार को ईरानी तेल को अन्य देशों में भेजने वाली 35 संस्थाओं और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें से दो संस्थाएं भारत की हैं। इनमें विजन शिप मैनेजमेंट एलएलपी और टाइटशिप शिपिंग मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इसके अलावा, इन प्रतिबंधों के तहत संयुक्त अरब अमीरात, चीन, लाइबेरिया, हांगकांग आदि की कंपनियों और जहाजों को भी शामिल किया गया है।



एक बयान में, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि यह कार्रवाई इस्राइल के खिलाफ 1 अक्तूबर को हुए ईरानी हमले और 11 अक्तूबर को जारी प्रतिबंधों के बाद की गई है। अमेरिका का कहना है कि ईरान तेल से होने वाली आय का इस्तेमाल अपने परमाणु कार्यक्रम, मिसाइलों और ड्रोन के विकास में कर रहा है, जो क्षेत्रीय आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देती है। ईरान तेल व्यापार से कमाए पैसे क्षेत्रीय आतंकवादी समूहों पर करता है खर्चः ब्रैडली टी स्मिथ आतंकवाद और वित्तीय खुफिया विभाग के कार्यवाहक अवर सचिव ब्रैडली टी स्मिथ ने कहा, 'ईरान अपने तेल व्यापार से जो पैसे कमाता है, उसे अपने परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइल, ड्रोन तकनीक को फैलाने, और अपने क्षेत्रीय आतंकवादी समूहों को समर्थन देने में खर्च करता है। इससे क्षेत्र और भी अस्थिर हो सकता है।'

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने सभी उपकरणों और अधिकारियों का इस्तेमाल करके इन अवैध गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने वाले जहाजों और ऑपरेटरों के गुप्त बेड़े को बाधित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**विजन शिप मैनेजमेंट एलएलपी फोनिक्स का प्रबंधन-संचालन करती है :** अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अनुसार, भारत स्थित विजन शिप मैनेजमेंट एलएलपी फोनिक्स का प्रबंधन और संचालन करती है, जिसे पहले लूना लेक के नाम से जाना जाता था। इस कंपनी ने 2022 से सीसीपीसी के लिए लाखों बैरल ईरानी कच्चे तेल का परिवहन किया है।

# चीन की 140 नई प्रौद्योगिकी कंपनियों पर अमेरिकी पाबंदी

## नियंत्रण सूची में विस्तार पर ड्रैगन ने जताया विरोध

**बैंकॉक ।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यात प्रतिबंध के अधीन चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची का विस्तार करते हुए नई 140 फर्मों को जोड़ा है। ये कंपनियां कंप्यूटर चिप्स, चिप बनाने के उपकरण और सॉफ्टवेयर बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बनाती हैं। सभी कंपनियां चीन में स्थित हैं। लेकिन सूची में चीनी स्वामित्व वाले ऐसे व्यवसाय भी शामिल हैं जो जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर में हैं। चीन ने इसका विरोध किया है।

संशोधित नियम चीन को उच्च-बैंडविड्थ मेमोरी चिप्स के निर्यात को भी सीमित करते हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने कहा, इस कदम का उद्देश्य चीन की उन उन्नत



प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने की क्षमता को नष्ट करना है जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं। यानी सूची में शामिल कंपनी को निर्यात लाइसेंस देने से अमेरिका में इन्कार कर दिया जाएगा। बता दें, अमेरिका धीरे-धीरे ऐसे निर्यात नियंत्रणों से प्रभावित कंपनियों की संख्या बढ़ा रहा है। अमेरिका ने चीन पर नए सेमीकंडक्टर निर्यात नियंत्रण पैकेज की घोषणा में एआई के लिए उच्चस्तरीय चिप्स पर प्रतिबंध लगाए हैं। इससे दक्षिण कोरियाई उद्योग भी प्रभावित होंगे। उच्च बैंडविड्थ मेमोरी चिप्स प्रतिबंध में दो दक्षिण कोरियाई फर्म सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स व एसके हाइनिक्स व माइक्रोन टेक्नोलॉजी भी हैं।

### सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयरों में तेजी

चिप घटकों व एआई प्रौद्योगिकी तक चीन की पहुंच पर नए अमेरिकी प्रतिबंधों की घोषणा के बाद सेक्टर के शेयरों और सेमीकंडक्टर शेयरों में तेजी दर्ज हुई। फिलाडेल्फिया स्टॉक एक्सचेंज सेमीकंडक्टर इंडेक्स 2.9% चढ़ गया, जबकि नास्देक में 1.1% का लाभ देखा गया।

# नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति बनी नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह, 57% वोट से दर्ज की जीत

**नई दिल्ली ।** नामीबिया की नई और पहली महिला राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह बनी है। चुनाव आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए आधिकारिक परिणाम के अनुसार 72 वर्षीय नंदी-नदैतवा ने 57 प्रतिशत वोटों के साथ जीत हासिल की। नंदी की ये जीत उस चुनावी दावों के विपरित है जिसमें ये कहा जा रहा था कि उन्हें दूसरे चरण के लिए जाना पड़ सकता है। बता दें कि राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने के बाद नंदी-नदैतवा ने कहा कि नामीबियाई राष्ट्र ने शांति और स्थिरता के लिए मतदान किया है।



### विपक्षी दलों ने जीत को किया अस्वीकार

चुनाव में कुछ तकनीकी समस्याओं, जैसे मतपत्रों की कमी और अन्य मुद्दों के कारण विपक्षी दलों ने परिणामों को अस्वीकार कर दिया है। इसके कारण चुनाव अधिकारियों ने मतदान को शनिवार तक बढ़ा दिया। मतदान के लिए लंबी कतारों के कारण कुछ मतदाताओं को 12 घंटे तक इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने पहले दिन ही मतदान छोड़ दिया। इस मामले में विपक्षी दलों का कहना है।

# सीरिया को लेकर अमेरिका और रूस में खूब हुई जुबानी जंग, यूक्रेन पर लगे गृह युद्ध भड़काने के आरोप

**यूनाइटेड नेशंस ।** सीरिया में फिर से गृह युद्ध की वापसी की आशंका पर चर्चा के लिए संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद की अहम बैठक बुलाई गई। इस बैठक के दौरान अमेरिका और रूस के राजदूत आपस में भिड़ गए और दोनों देशों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते सीरिया के आतंकी संगठन हयात तहरीर अल शाम ने हमला कर सीरिया के प्रमुख शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया है। इस आतंकी संगठन को नुसरा फ्रंट के नाम से भी जाना जाता है और इसे संयुक्त राष्ट्र



सुरक्षा परिषद ने प्रतिबंधित किया हुआ है।

### अमेरिका ने रूस पर साधा निशाना

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान अमेरिका के उप-राजदूत रॉबर्ट वुड ने सीरिया में युद्ध को रोकने और नागरिकों की सुरक्षा का आह्वान किया।

वुड ने कहा कि हयात तहरीर अल शाम सुरक्षा परिषद में एक आतंकी संगठन के रूप में प्रतिबंधित है, लेकिन इससे सीरिया की बशीर अल असद सरकार और उसकी रूसी समर्थकों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों को सही नहीं ठहराया जा सकता। अमेरिका ने बशर अल असद की सेना पर स्कूलों और अस्पतालों में नागरिकों पर हमले करने का आरोप लगाया।

अमेरिकी राजदूत के इस बयान पर रूस के संयुक्त राष्ट्र राजदूत वेसिली नेबेंजिया ने कहा 'आप सीरियाई शहरों में नागरिकों के खिलाफ किए गए एक आतंकवादी हमले की निंदा करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। इस बात को लेकर कोई भ्रम नहीं है कि वाशिंगटन कभी भी ईमानदारी से अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए कभी भी तैयार होगा। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो हमें खुशी है कि हम आपके खिलाफ हैं।' इस पर अमेरिकी राजदूत ने भी पलटवार किया और कहा कि 'आप इस मुद्दे पर लेक्चर देने की स्थिति में नहीं हैं क्योंकि रूस दुनियाभर में आतंकवाद का समर्थन करने वाली सरकारों के पक्ष में खड़ा होता है। अमेरिका ने दशकों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और आगे भी जारी रखेगा।'

### रूस ने यूक्रेन पर लगाए गृह युद्ध भड़काने के आरोप

संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत ने यूक्रेन की खुफिया एजेंसी पर सीरिया में गृह युद्ध भड़काने का आरोप लगाया। रूसी राजदूत ने कहा कि यूक्रेन की खुफिया एजेंसी द्वारा सीरिया में आतंकियों की मदद की गई और हमले के समय आतंकी खुलेआम इसे दर्शा रहे थे। रूसी राजदूत ने कहा कि हयात तहरीर अल शाम के आतंकियों ने इस तथ्य को नहीं छिपाया कि उन्हें यूक्रेन से समर्थन प्राप्त है ।

# इस्राइल का दावा- हमास के तीन सदस्य ढेर

## फलस्तीन का आरोप- अस्पताल में घुसे और गोलियां बरसाईं

**यरुशलम ।** हमास और इस्राइल एक साल से अधिक समय जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा। यह शहर मलबों के ढेर में तब्दील हो गया है। वहीं, हमास भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। इस बीच, इस्राइली सेना ने मंगलवार को बताया कि उसने हमास के तीन सदस्यों को मार गिराया है। बता दें, यह जानकारी फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दो लोगों के मारे जाने की सूचना के बाद सामने आई है।

### वायुसेना ने वाहनों पर हमला किया

इस्राइली सेना ने कहा, 'कब्जे



वाले वेस्ट बैंक शहर तुबास के पास हमारी वायुसेना ने वाहनों पर हमला किया। इस हमले में हमास के तीन सदस्य मारे गए, जिन्होंने पहले से ही एक आतंकवादी हमले की योजना बनाई थी। सैनिकों ने हमले के आसपास के क्षेत्र में एक लक्ष्य बनाकर निशाना साधा। इसमें चार हथियारों का पता लगाया।'

**अकाबा क्षेत्र में हमला करने की रच रहे थे साजिशः** इस्राइली सेना ने पहले ही बताया था कि वायुसेना ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आतंकवादी सेल को निशाना बनाया जो अकाबा क्षेत्र में हमला करने वाला था।

**फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि अकाबा में एक वाहन पर इस्राइल द्वारा किए हमले में दो फलस्तीनियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। सभी को तुबास के एक अस्पताल में ले जाया गया। मगर बाद में कहा गया कि इस्राइली बलों ने उसी अस्पताल पर छापा मारा। हालांकि, सेना ने इस बात से साफ इनकार किया है**

# डीईए के लिए चुने गए क्रोनिस्टर ने अपना नाम लिया वापस

## कहा- फ्लोरिडा के लोगों के लिए काफी कुछ करना है

**वॉशिगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ड्रग एनफोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) का नेतृत्व करने के लिए चुने गए चाड क्रोनिस्टर ने अपना नाम वापस ले लिया है। बता दें, क्रोनिस्टर ट्रंप के दूसरे ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन्होंने नामांकन वापस लिया है। इससे पहले फ्लोरिडा के पूर्व प्रतिनिधि मैट गेट्ज ने अटॉर्नी जनरल के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया था।

### नाम वापस लेते हुए क्या बोले क्रोनिस्टर?

क्रोनिस्टर फिलहाल फ्लोरिडा के हिल्सबोरो काउंटी में बतौर शेरिफ कार्यरत हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि यहां रहने वालों के लिए और काम किया जाना है। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की गंभीरता को देखते हुए वापस लिया नाम उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'पिछले कई दिनों में, इस बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की गंभीरता को देखते हुए मैं इस फैसले पर पहुंचा हूं कि मुझे सम्मानपूर्वक इससे पीछे हट



जाना चाहिए। मैं सच में नामांकन और अमेरिकी लोगों से मिले भरपूर समर्थन की सराहना करता हूं तथा हिल्सबोरो काउंटी के शेरिफ के रूप में अपनी सेवा जारी रखने की आशा करता हूं।'

### ट्रंप के बयान का इंतजार

फिलहाल इस पर डोनाल्ड ट्रंप की ट्रांजिशन टीम का बयान सामने नहीं आया है। बता दें, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने रविवार को डीईए का नेतृत्व करने के लिए क्रोनिस्टर के नाम का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि वह मेक्सिको के साथ अमेरिकी सीमा पर ड्रग की तस्करी को रोकने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। डीईए न्याय विभाग का हिस्सा है और अमेरिकी ड्रग कानूनों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है।

**महामारी के दौरान उल्लंघन किए जाने पर हुई थी आलोचना :** हालांकि, क्रोनिस्टर के नामांकन को ट्रंप के समर्थकों द्वारा आलोचनात्मक नजरिए से देखा गया था, जिन्होंने 2020 में कोविड महामारी के कारण लगे लॉकडाउन का उल्लंघन करने के लिए फ्लोरिडा के एक पादरी की शेरिफ की गिरफ्तारी का हवाला दिया था।

# शख्स ने पत्नी के लापता होने पर गूगल पर किया कुछ ऐसा सर्च पुलिस ने किया गिरफ्तार, राज खुला तो दंग रह गए सब

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को अपनी लापता पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। वर्जीनिया पुलिस ने यह गिरफ्तारी उन गूगल सर्च के आधार पर की है, जो कथित हत्यारोपी पति ने की थी। दरअसल, पति ने गूगल पर सर्च किया था कि पत्नी के मरने के बाद आप कितनी जल्दी फिर से शादी कर सकते हैं। इसके अलावा, उन पर पत्नी के लापता होने पर कुछ ऐसे सामानों की खरीदारी करने का भी आरोप है, जो उन्हें संदेह के घेरे में डालते हैं। मामले में आगे जांच की जा रही है। फिलहाल, महिला का शव खोजने की कोशिश की जा रही है।

वर्जीनिया में रहने वाले भारतीय मूल के 37 वर्षीय नरेश भट्ट की 28 वर्षीय पत्नी ममता काफले भट्ट पिछले करीब चार महीनों से लापता हैं। ममता नेपाल की रहने वाली थी, जिन्हें



आखिरी बार 29 जुलाई को देखा गया था।

इसके बाद से वे लापता हैं। अदालती दस्तावेजों के अनुसार वर्जीनिया पुलिस ने नरेश भट्ट को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। दो आरोप लगाए गए हैं भट्ट पर प्रिंस विलियम कंट्री सर्किट क्रिमिनल डिविजन ने दो आरोप लगाए गए हैं। वर्जीनिय ग्रैंड ज्यूरी ने मानासस पार्क इलाका निवासी भट्ट के खिलाफ उनकी पत्नी की हत्या और शव को गायब करने के आरोप तय किए हैं।

ये आरोप अधिकारियों द्वारा ममता के लापता होने से कुछ सप्ताह पहले भट्ट की गूगल सर्च हिस्ट्री में संदिग्ध सर्च किए जाने और संदिग्ध सामानों की खरीदारी करने को सबूत के तौर पर पेश किया है। बता दें, दंपती के मानसस स्थित घर में मिला खून भी महिला का ही है,जिसकी पुलिस ने पुष्टि की है।

जुलाई से गायब है महिला ममता के लापता होने की खबर भट्ट ने प्रशासन को नहीं दी थी। ममता को आखिरी बार 29 जुलाई को देखा गया था, लेकिन उन्हें पांच अगस्त को तब लापता घोषित किया गया, जब उनके काम पर नहीं आने के बाद स्थानीय पुलिस उनके स्वास्थ्य के बारे में जांच करने के लिए घर पहुंची थी।

बाद में परिवार और स्थानीय लोगों ने तलाश शुरू की। मामले की जांच के दौरान, पुलिस ने नरेश को बिना जमानत के हिरासत में रखा है। अब इस मामले की सुनवाई में सभी की नजर है।

# स्वर्गीय माया देवी को दी गई श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता अनिल अग्रवाल सांवरिया की माता माया देवी का निधन 28 नवंबर को हो गया था। बुधवार को स्वर्गीय माया देवी की शोक सभा आयोजित की गई। समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर स्वर्गीय माया देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# संभल जाने से रोके गए राहुल गांधी, दिल्ली बॉर्डर से वापस लौटे, मुझे अकेले भी नहीं जाने दिया गया

**लखनऊ।** संभल हिंसा से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी संभल जा रहे थे। उन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया जिसके बाद वह दिल्ली लौट गए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को संभल जाने के लिए निकले तो उन्हें दिल्ली बॉर्डर पर ही रोक लिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। राहुल गांधी को आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई जिसके बाद वह दिल्ली लौट गए। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हूं। मुझे संभल जाने से रोका जा रहा है। पुलिस ने मुझे अकेले जाने की भी अनुमति नहीं दी। ये मेरा संवैधानिक अधिकार है। भाजपा हमारे संविधान को खत्म करना चाहती है। उनके साथ वायनाड की सांसद व उनकी बहन प्रियंका गांधी भी थीं।

इसके पहले राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, संगठन महासचिव अनिल यादव सहित आदि नेता मंगलवार शाम को ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा था कि पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो रास्ते में ही धरना-प्रदर्शन शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पदाधिकारी हर स्तर पर संघर्ष के लिए तैयार हैं। बता दें कि सोमवार को ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पार्टी नेताओं के साथ संभल जाने की तैयारी में थे। किंतु पुलिस-प्रशासन ने उन्हें प्रदेश मुख्यालय में ही हाउस अरेस्ट कर लिया था। जबकि अन्य नेताओं व कार्यकताओं को हिरासत में लेकर ईको-गार्डेन भेजा गया था। उन्होंने कहा कि जामा मस्जिद की कमेटी पैरवी की तैयारी कर रही थी, लेकिन 23 नवंबर की रात अगले दिन दोबारा सर्वे की बात कही गई। शाही मस्जिद कमेटी और अधिवक्ताओं ने जब कहा कि सर्वे पूरा हो चुका है, तो दूसरे सर्वे की क्या जरूरत है। अगर दोबारा सर्वे कराना है तो फिर कोर्ट से आदेश कराएं, लेकिन डीएम-एसपी ने इसे अनसुना कर दिया। लोगों ने इसका विरोध किया तो पुलिस के सिपाही से लेकर अधिकारियों तक ने अपने सरकारी और निजी हथियारों से गोलियां चलाईं जिससे पांच युवाओं की मौत हो गई।



### संभल की हिंसा सोची समझी रणनीति के तहत कराई गई : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि संभल की घटना सोची समझी रणनीति के तहत हुई है। इस घटना के जरिये संभल के भाईचारे को गोली मारी गई है। भाजपा के सहयोगी और समर्थक देश के कोने-कोने में खोदाई की बात कर रहे हैं, इससे देश का सौहार्द और भाईचारा खो जाएगा। अखिलेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि संभल का माहौल बिगाड़ने में याचिकाकर्ता के साथ, पुलिस प्रशासन के लोग जिम्मेदार हैं। दोषी अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। ये लड़ाई दिल्ली और लखनऊ की है। दिल्ली की सत्ता में बैठे भाजपा के नेता जिस रास्ते से पहुंचे हैं, लखनऊ की सत्ता में बैठे भाजपा वाले भी उसी रास्ते से दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। प्रदेश के उपचुनाव को देखते हुए संभल की साजिश हुई है। उन्होंने कहा कि संभल की शाही जामा मस्जिद के खिलाफ 19 नवंबर 2024 को सिविल जज सीनियर डिवीजन चंदौसी संभल के यहां एक याचिका दायर की गई। कोर्ट ने दूसरे पक्ष को सुने बगैर उसी दिन सर्वे का आदेश दे दिया। यही नहीं संभल के डीएम-एसपी आदेश को पढ़े बगैर दो घंटे के बाद ही सर्वे के लिए शाही जामा मस्जिद भी पहुंच गए।

# भाजपा के बड़े नेता प्रवेश रत्न आप में शामिल, केजरीवाल के कामों से थे प्रभावित




**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के कामों से प्रभावित होकर जाटव समाज के बड़े नेता प्रवेश रत्न आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। एक बार फिर भाजपा को दिल्ली में आप ने बड़ा झटका दिया है। अरविंद केजरीवाल के कामों से प्रभावित होकर जाटव समाज के बड़े नेता प्रवेश रत्न आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। मनीष सिसोदिया ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

आप के बड़े नेता मनीष सिसोदिया ने प्रवेश रत्न के आप में शामिल होने पर कहा कि समस्त जाटव समाज आम आदमी पार्टी के साथ है। आप सरकार के कामों से जाटव, दलित और एससी समाज के परिवारों को काफी लाभ हुआ है। उनकी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। आज अरविंद केजरीवाल के कामों से प्रभावित होकर भाजपा नेता प्रवेश रत्न आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। मैं उनका स्वागत करता हूं। आम आदमी पार्टी में शामिल होने के बाद प्रवेश रत्न ने कहा कि केजरीवाल की छह रेवड़ियों से जाटव समाज को लाभ हुआ है। दिल्ली में आप सरकार शिक्षा समेत तमाम चीजों को लेकर शानदार काम कर रही है। मैं अरविंद केजरीवाल के कामों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहा हूं। केजरीवाल की 6 रेवड़ियों से जाटव और गरीब समाज की जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। इसे और आगे बढ़ाने को लेकर हम मिलकर काम करेंगे।

# उपराष्ट्रपति का केंद्र सरकार से सवाल:कृषि मंत्री शिवराज से पूछा- किसानों से किए वादे क्यों नहीं निभाए

**मुंबई।** शिवराज की ओर इशारा करते हुए कहा, कृषि मंत्री जी, आपका एक-एक पल भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपया करके मुझे बताइए कि किसान से क्या वादा किया गया था? और जो वादा किया गया था, वह क्यों नहीं निभाया गया? वादा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? बीते साल भी आंदोलन था, इस साल भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है। हम कुछ नहीं कर रहे हैं। धनखड़ ने मुंबई में केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह के में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में शिवराज भी मौजूद थे। हालांकि, उन्होंने उपराष्ट्रपति के सवालों का जवाब नहीं दिया।



शिवराज ने कहा- भारत अपने किसानों के बिना समृद्ध देश नहीं बन सकता। पहली बार मैंने भारत को बदलते हुए देखा है। पहली बार मैं महसूस कर रहा हूं कि विकसित भारत हमारा सपना नहीं लक्ष्य है। दुनिया में भारत कभी इतनी बुलंदी पर नहीं था। जब ऐसा हो रहा है तो मेरा किसान परेशान और पीड़ित क्यों है? यह समय मेरे लिए कष्टदायक है, क्योंकि मैं राष्ट्रधर्म से ओतप्रोत हूं। दुनिया में हमारी साख पहले कभी इतनी नहीं थी, भारत का प्रधानमंत्री आज विश्व के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है। मोदी ने दुनिया को संदेश दिया है कि समाधान केवल बातचीत से ही निकल सकता है। ऐसे में किसानों की समस्या दूर की जाए। विकसित राष्ट्र का दर्जा पाने के लिए प्रत्येक नागरिक की आय में आठ गुना वृद्धि करनी होगी। कौन हैं वो लोग जो किसानों को कहते हैं कि उसके उत्पाद का उचित मूल्य दे देंगे? मुझे समझ नहीं आता कि कोई पहाड़ गिरेगा। किसान अकेला है, जो असहाय है।

जिस समय धनखड़ का कृषि मंत्री से सवाल, उसी समय नोएडा में किसानों का धरना मंगलवार को जिस समय धनखड़ कृषि मंत्री से सवाल कर रहे थे, उसी समय नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर किसान अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे थे। यह संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर हो रहा था। यहां 163 से अधिक किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### किसानों की 4 मांगें

किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले 10% अधिक साइज का प्लॉट दिया जाए।
64.7% की दर से किसानों को मुआवजा मिले।
नए भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार, बाजार दर का 4 गुना मुआवजा दिया जाए।
भूमिधर, भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार और पुनर्वास के सभी फायदे दिए जाएं।

# सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से राहत
## ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े केस में हाजिर होने से छूट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बुधवार को बड़ी राहत मिली। अदालत ने उन्हें ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े केस में रांची की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में व्यक्तिगत तौर पर हाजिर होने से छूट दे दी। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच ने इस पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को तय की गई है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने से छूट की मांग वाली सोरेन की याचिका 25 नवंबर को खारिज कर दी थी और उन्हें 4 दिसंबर को पेश होने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका लगाई, जिस पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता पीयूष चित्रेश, दीपांकर रॉय और श्रेय मिश्रा ने बहस की।

ईडी की ओर से सीजेएम कोर्ट में हेमंत सोरेन के खिलाफ 19 फरवरी, 2024 को शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। इसमें एजेंसी ने बताया है कि जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को दस समन भेजे गए थे। लेकिन, इनमें से मात्र दो समन पर वह उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के बाद 4 मार्च को संज्ञान लिया था। बाद में यह मामला एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके बाद हेमंत सोरेन ने 5 जुलाई को याचिका दाखिल कर दरख्वास्त की थी कि ईडी की ओर से समन अवहेलना का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जो शिकायतवाद दायर किया गया है, उसमें सुनवाई के दौरान उन्हें व्यक्तिगत तौर पर उपस्थिति से छूट दी जाए।



एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। रांची के बड़गाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले को लेकर ईडी ने हेमंत सोरेन को पहली बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा था।

इसके बाद इसी वर्ष उन्हें 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर और 2024 में 13 जनवरी, 22 जनवरी और 27 जनवरी को समन भेजे गए थे। दसवें समन पर उनसे 31 जनवरी को पूछताछ हुई थी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

# दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा नया भारत तय करता है : सीएम योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के प्रति पूरी दुनिया का विश्वास तेजी से बढ़ा है। एक समय था, जब भारत दुनिया के किसी भी गुट में नहीं था। देश के सामने असमंजस की स्थिति थी कि उसकी दिशा क्या होगी, उसे क्या करना है, आज का नया भारत दुनिया के ध्रुवीकरण की दिशा तय करता है। दुनिया का ध्रुवीकरण उधर होता है, जिधर भारत होता है। सीएम योगी बुधवार को महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि दुनिया उसी का अनुसरण करती है जो खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का माद्दा रखता है। जो स्वयं खड़ा नहीं हो सकता, वह दूसरों को खड़ा होने की प्रेरणा कैसे दे सकता है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत ने खुद को उसी अनुरूप तैयार किया और परिणाम है कि आज भारत की दिशा के बिना दुनिया की दिशा की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया में मानवता के सामने जो चुनौती है, भारत उससे निपटने के विश्वास का प्रतीक बना है। जी-20 का समिट उसका प्रमाण है। आज दुनिया का कोई भी बड़ा आयोजन भारत के बिना नहीं होता है। आज देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। सीएम योगी ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं होती है। संस्थाओं और व्यक्तियों को भी इसकी जिम्मेदारी उठानी होती है। अब जिम्मेदारी से बचने का नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझने और खुद को उसके अनुरूप तैयार करने का समय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए अगले 25 वर्ष का रोडमैप तय किया है, देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा तब तक देश को विकसित भारत बनाना है।



# पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल पर फायरिंग:बाल-बाल बचे

**अमृतसर।** श्री अकाल तख्त साहिब की तरफ से दी गई धार्मिक सजा को भुगतने के लिए सुखबीर बादल स्वर्ण मंदिर के मेन गेट पर तैनात थे। इसी दौरान आरोपी ने काफी पास आकर उन पर हमला करने का प्रयास किया। अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब में बुधवार को शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल पर गोली चलाने का प्रयास किया गया। हालांकि सादी वर्दी में सुखबीर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी ने हमलावर को पकड़ लिया और उसका हाथ ऊपर कर दिया। गोली दीवार में लगी जिससे कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ।



### बब्बर खालसा का पूर्व आतंकी है आरोपी

सुखबीर पर गोली चलाने के आरोपी की पहचान नारायण सिंह चौरा निवासी डेरा बाबा नानक के तौर पर हुई है। आरोपी गर्मपंथी है और दल खालसा से संबंध रखता है। जानकारी के अनुसार नारायण सिंह का जन्म 04 अप्रैल 1956 को डेरा बाबा नानक (गुरदासपुर) के चौरा गांव में हुआ था। यह गरमख्याली कथित तौर पर गरमख्याली लिबरेशन फोर्स और अकाल फेडरेशन से जुड़ा था।

चौरा को 28 फरवरी 2013 को तरनतारन के जलालाबाद गांव से गिरफ्तार किया गया था और उसके साथियों सुखदेव सिंह और गुरिंदर सिंह को उसी दिन जिले के पंडोरी गांव से गिरफ्तार किया गया था। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने मोहाली के कुराली गांव में एक ठिकाने पर छापा मारा और हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद करने का दावा किया। उसके खिलाफ आठ मई 2010 को अमृतसर के सिविल लाइंस थाने में विस्फोटक अधिनियम के तहत करीब एक दर्जन मामले दर्ज किए गए थे। वह अमृतसर, तरनतारन और रोपड़ जिलों में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामलों में भी वांछित था।

अमृतसर की एक अदालत ने विस्फोटक अधिनियम के तहत एक मामले में उसे बरी कर दिया था। चौरा 1984 में पाकिस्तान चला गया और आतंकवाद के शुरूआती चरण के दौरान पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप की तस्करी में सहायक था। पाकिस्तान में रहते हुए, उसने कथित तौर पर गुरिल्ला युद्ध और देशद्रोही साहित्य पर एक किताब लिखी। वह बुड़ैल जेलब्रेक मामले में भी आरोपी था।

### सांसद रंधावा से जुड़ा नाम

वहीं अकाली नेता दलजीत चीमा ने आरोप लगाया कि आरोपी चौरा का भाई कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा का बहुत करीबी है। उन्होंने मान सरकार पर सवाल उठाते हुए इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये हमला मान सरकार की विफलता है।

### चौतरफा निंदा

समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि सुखबीर बादल की हत्या की कोशिश की गई। वहीं एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि हम अपने सूत्रों के माध्यम से इसकी अच्छी तरह जांच करेंगे। हमलावर को पुलिस ने पकड़ लिया है और अपने साथ ले गई है...गुरु रामदास ने सुखबीर सिंह बादल को बचाया...हम सुरक्षा व्यवस्था की जांच कर रहे हैं। वहीं भाजपा के राज्य प्रेस सचिव हरदेव सिंह उभा ने कहा कि मैं सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं, आरोपियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए और सुखबीर सिंह बादल की सुरक्षा में हुई लापरवाही की जांच होनी चाहिए.

### पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने की निंदा

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने इस हमले की निंदा की है। वड़िंग ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैं सुखबीर बादल पर गोली चलाने को सरकार की 100 फीसदी लापरवाही मानता हूं...यह पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति को दर्शाता है। जिसने भी गोली चलाई है, उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने मांग की कि एसीपी को सस्पेंड किया जाना चाहिए, उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। यह कैसे हुआ? इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? सरकार किसी के मारे जाने का इंतजार कर रही है और फिर वे कह सकते हैं कि यह एक चूक थी...सिखों के मन में सुखबीर बादल के लिए नफरत हो सकती है...लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप उन्हें गोली मार देंगे। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने हमले को अत्यंत दुखद और निंदनीय है।

# महाराष्ट्र में तीसरी पारी से पहले फडणवीस बोले 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे को जनता सही किया साबित

**महाराष्ट्र।** चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को जारी हो गए थे, लेकिन एक हफ्ता बीतने के बाद भी सीएम के नाम का एलान नहीं किया गया था। सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते चर्चा थी कि भाजपा का ही सीएम बनेगा, लेकिन कुछ मतभेद रहे। हालांकि, अब फडणवीस के नाम पर मुहर लग गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के नाम पर संशय के बादल छंट गए हैं। देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

वह पांच दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद फडणवीस ने दल के सभी सदस्यों का आभार जताया। साथ ही छत्रपति शिवाजी, अटल बिहारी वाजपेयी और अहिल्याबाई होल्कर को याद किया। वहीं उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने और अब मैं भी तीसरी बार सीएम बन गया हूं। उन्होंने कहा, 'मैं विधायक दल के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं कि आप सभी ने मुझे सर्वसम्मति से चुना। मैं हमारे केंद्रीय पर्यवेक्षकों विजय रूपाणी और निर्मला सीतारमण का भी आभार जताता हूं। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि ये ऐतिहासिक चुनाव थे और इन चुनावों ने साबित कर दिया है कि 'एक हैं तो सेफ हैं' और 'मोदी है तो मुमकिन है'।'



### हरियाणा से जीत का सिलसिला शुरू : भाजपा नेता

उन्होंने आगे कहा, 'हमने हरियाणा के साथ अपनी जीत का सिलसिला फिर से शुरू किया है और अब महाराष्ट्र ने ऐसा प्रचंड जनादेश दिया है कि मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं के सामने पूरी तरह से नतमस्तक हूं। मैं सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजित पवार और हमारे अन्य सहयोगियों को भी धन्यवाद देता हूं।'

### 'पांच साल से एक भी विधायक ने साथ नहीं छोड़ा'

फडणवीस ने कहा, 'हमें गर्व है कि 2019 के बाद एक भी विधायक ने हमें नहीं छोड़ा और सभी एक साथ रहे और हमने 2022 में सरकार बनाई। आज भी महायुति को ऐतिहासिक जनादेश मिला है। मोदी जी लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने हैं। मैंने वार्ड स्तर के नेता के रूप में शुरूआत की थी और अब मैं तीसरी बार मुख्यमंत्री भी बन गया हूं। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों ने चुनावों के दौरान महाराष्ट्र भाजपा को भारी समर्थन और बढ़ावा दिया है।'

### राज्य और देश के हित में काम करना है : फडणवीस

उन्होंने यह भी कहा, 'मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि आने वाले दिनों में कुछ चीजें हमारी इच्छा के अनुसार होंगी और कुछ चीजें हमारी इच्छा के खिलाफ होंगी, लेकिन हम सभी को राज्य और देश के व्यापक हित में काम करना है। हम महाराष्ट्र की सभी उम्मीदों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। अंत में मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।'

# पुलिस ने रोके वेस्ट यूपी के किसान, जमकर हंगामा कहासुनी, कई कार्यकर्ताओं को किया नजरबंद

**मेरठ।** नोएडा में महापंचायत में शामिल होने जा रहे किसानों को खतौली के भंगेला चेकपोस्ट पर पुलिस ने रोक लिया। वहीं मेरठ में परतापुर टोल प्लाजा पर किसानों को रोका गया तो कई किसान नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया गया। ग्रेटर नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल से किसानों को हटाकर जेल भेजे जाने से नाराज भारतीय किसान यूनियन ने आज ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर महापंचायत बुलाई। इसमें यूनियन के नेता राकेश टिकट के भी शामिल होने की बात कही गई थी। हालांकि उन्हें अलीगढ़ में ही पुलिस ने नोएडा जाने से रोक दिया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भारी संख्या में किसान एकत्र होकर नोएडा के लिए रवाना हुए। लेकिन पुलिस ने उन्हें नोएडा जाने से रोक दिया। मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर व सहारनपुर से निकले किसानों को पुलिस ने टोल पर ही रोक लिया। वहीं किसान टोल पर ही धरना देकर बैठ गए।

### सिसौली में पंचायत के बाद हुआ नोएडा कूच का एलान

दरअसल, यूनियन के पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष पवन खटाना और संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के साथ अन्य किसानों को जेल भेजने की खबर संगठनों के हाई कमान तक पहुंच गई। इसके बाद राकेश टिकैत ने सोशल मीडिया पर शाम 4:00 बजे सिसौली में सभी जिला अध्यक्षों समेत पदाधिकारियों की बैठक बुलाई। इस बैठक में विचार करने के बाद महापंचायत बुलाने का फैसला लिया गया। इसमें राकेश टिकैत, भाकियू पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों समेत अन्य किसान नेताओं के पहुंचने की बात कही गई।



### पांच मंडल के किसानों को ग्रेटर नोएडा पहुंचने का आह्वान

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश के पांच मंडल सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़ आगरा और मुरादाबाद के किसानों के साथ आज ग्रेटर नोएडा कूच करने का एलान कर दिया था। मेरठ और सहारनपुर मंडल के किसान परतापुर में एकत्र होकर नोएडा जाने के लिए निकले तो उन्हें पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान किस कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। वहीं पुलिस ने पश्चिमी यूपी के विभिन्न शहरों में बड़े किसान नेताओं को उनके घर पर और आवास पर ही नजर बंद कर दिया।

### संगठन कमजोर हुआ तो कोई भी नहीं बचेगा

भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत का कहना है कि किसानों के सामने मुश्किल हालात हैं। खाद, बिजली, मजदूरी के रेट बढ़ रहे हैं। फसलों के उत्पादन में खर्च बढ़ गया है, लेकिन सरकार के मंत्री कह रहे हैं हर साल गन्ने की फसल के दाम नहीं बढ़ेंगे। किसान संगठन कमजोर हुआ तो कोई भी नहीं बचेगा। सभी को भेदभाव भुलाकर आंदोलन करना होगा। आंदोलन की कमजोरी किसानों की हार होगी। किसान भवन पर आयोजित पंचायत में नरेश टिकैत ने कहा कि 10 बीघा जमीन के मालिक को नौ बीघा जमीन का मुआवजा दिया जा रहा है।